26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 12 अगस्त, 2026

अंक- 289 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# कमिश्नर ने वाद स्थानान्तरित करने के आदेश वापस लिये

**बिजनौर/मुरादाबाद ( चिंगारी )।** मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने धामपुर तहसील के वादों ( मुकदमो ) को ठाकुरद्वारा व नगीना स्थानान्तरित किये जाने के अपने आदेश को वापस ले लिया है।

इस संबंध में बार एसोसिएशन धामपुर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी के नेतृत्व में आज मंडल आयुक्त से मुलाकात की और वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया। बार एसोसिएशन द्वारा तहसीलदार धामपुर पर अनेक संगीन आरोप भी लगाये। जिसकी जांच अपर आयुक्त प्रथम शशिभूषण को सौंपी गई। इस अवसर पर मुरादाबाद मंडलीय अभिभाषक एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी देवेश चौहान, संजय गुप्ता, जमील अहमद, विपिन राजपूत, शमशाद अहमद भी मौजूद रहे।

मालूम हो कि मंडल आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गत 7 अगस्त को तहसील धामपुर में अधिकांश कार्य दिवसों में अधिवक्तागण के कार्य से विरत रहने के कारण न्यायिक कार्य प्रभावित होने से वादकारियों को न्याय मिलने में देरी के चलते उपजिलाधिकारी धामपुर व उपजिलाधिकारी न्यायिक धामपुर के न्यायालयों में विचाराधीन वादों को उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा तथा तहसीलदार धामपुर, तहसीलदार न्यायिक धामपुर एवं नायब तहसीलदार धामपुर, स्योहारा, अफजलगढ़ के न्यायालयों में विचाराधीन समस्त वाद नगीना तहसील में स्थानान्तरित करने के आदेश पारित किये थे, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों में हड़कम्प मच गया था।

## हर मुद्दे पर जवाब दूंगा- अमित शाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा, सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है, लेकिन विपक्ष सदन को चलने दे। आज 3 बजे से चर्चा शुरू करें। मैं सदन में बैठूंगा, सबको सुनूंगा और कल 3 बजे सबको जवाब दूंगा। इस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'हमें उनका भाषण नहीं सुनना है। पहले ये बताएं कि जंतर-मंतर पर छात्रों पर गोलियां किसने चलवाईं। उन्होंने आदेश नहीं दिया तो वे इस्तीफा दें।' दरअसल, विपक्ष छात्रों के आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृह मंत्री के बयान पर अड़ा है। इस कारण 17 दिनों से लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही नहीं चल पा रही है। शाह ने कहा कि विपक्ष दोनों सदनों को चलने नहीं दे रहा। जब संसद की कार्यवाही ही नहीं चलने दी जा रही है तो सदन में जाने का क्या मतलब है। सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

## प्रबल हत्याकांड में 13 अन्य आरोपियों के विरुद्ध कल हाईकोर्ट में नहीं हो सकी सुनवाई

**अब 18 अगस्त को होगी सुनवाई**

बिजनौर (चिंगारी)। प्रबल हत्याकांड में 13 अन्य लोगों को आरोपी बनाये जाने के लिये इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर पुनः निरीक्षण याचिका पर कल 11 अगस्त को केस की अधिकता होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। इस मामले में अपर जिला सत्र न्यायालय बिजनौर द्वारा 7 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 8वें आरोपी बाल अपचारी का मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। प्रबल की बहन प्राची अग्रवाल ने नगर के 13 नामचीन लोगों को भी हत्याकांड में आरोपी बनाये जाने के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया था, जिसे स्थानीय अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके विरुद्ध प्राची ने हाईकोर्ट में पुनः निरीक्षण याचिका दायर की है।

**आवश्यकता है**

सुज़ूकी टू व्हीलर शोरूम बैराज रोड, बिजनौर को मैकेनिक व कम्प्यूटर के काम के लिये लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार होगी।

सम्पर्क करें- 9410433745, 9917057433

**फ्लैट किराये हेतु**

सिविल लाइन बिजनौर प्राइम लोकेशन पर 3 BHK फ्लैट पार्किंग व अन्य समस्त अत्याधुनिक सुविधाओं सहित किराये हेतु उपलब्ध हैं।

सम्पर्क करें-

मो. 8923860549/48









# नहटौर में जोश-ओ-खरोश के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

**नहटौर ( चिंगारी )। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक ओमकुमार के नेतृत्व में नगर में तिरंगा यात्रा भव्यता के साथ निकाली। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानियों के शहीद स्मारक पर भाजपा विधायक ओम कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। पुष्प वर्षा के साथ कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। विधायक ओमकुमार ने कहा तिरंगा यात्रा देश के शहीदों के सम्मान में आयोजित हुई है। यह हमारे आन बान और शान का प्रतीक है।**



तिरंगा यात्रा मे सामिल भाजपा विधायक ओम कुमार व अन्य।

बुधवार को नहटौर विकास खंड कार्यालय परिसर से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा से पूर्व विधायक ओमकुमार ने शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। उसके उपरांत तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। विधायक ओम कुमार ने कहा की हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानी और देश के शहीदों के द्वारा कड़ी मेहनत और कुर्बानी के माध्यम से आज आजादी का दिन देखने को मिला है। देश को खुशहाल रखने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों बलिदान को सैकड़ो वर्षो तक याद रखा जाएगा। तिरंगा यात्रा में नहटौर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्राएं, एनसीसी कैंडिट्स ब्लॉक परिसर में एकत्रित हुए। तिरंगा यात्रा ब्लॉक से प्रारंभ होकर झालू चौराहा, हल्दौर चौराहा, आर्य मार्केट, पीर की चुंगी, मक्खन मार्केट मोहल्ला चौधरियान, पंचायती मंदिर सब्जी मंडी, हलवाइयां कालू की आदत, एजेंसी चौक ईदगाह मोड़, जोशियांन अफगानान होते हुए विधायक कैंप कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आत्माराम भगत, प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह, डॉ. आशीष आर्य चिकित्सा प्रभारी, अनमोल तोमर एडियो कलर, ब्लॉक मिशन मैनेजर महेश, परवेज, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, अंकुश अग्रवाल, शोभित त्यागी, मुकेश प्रधान, राहुल चौधरी, कपिल शर्मा, प्रशांत वर्मा, शिवम त्यागी, सावन वाल्मीकि, विपिन टाक वाल्मीकि, मंजीत कुमार, कुलबीर चौधरी, सुभाष विश्वकर्मा, अंगद, सभासद रियासत, नगर पालिका के कर्मचारी व ब्लाक परिसर से कर्मचारी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा का नगर में पुष्प वर्षा करके नागरिकों ने भव्य स्वागत किया।

## पंजाबी कॉलोनी में कपिल भाटिया ने किया तिरंगा वितरण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी कॉलोनी में कपिल भाटिया ने घर-घर जाकर तिरंगा दिया और सभी से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का आग्रह किया। कपिल भाटिया ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र की आनबान और शान का प्रतीक है, और यह अभियान हर नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रगाढ़ करता है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## दक्ष हास्पिटल पर किया गया शिवभक्तों का स्वागत

**नहटौर ( चिंगारी )।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्तों का चांदपुर चुंगी स्थित दक्ष हॉस्पिटल के पास भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. एके दक्ष व उनकी टीम ने पुष्पवर्षा कर और जलपान कराकर 'बोल-बम' के जयकारों के बीच कांवड़ियों का अभिनंदन किया। मंगलवार को हरिद्वार से 51 लीटर गंगाजल लेकर पहुंचे मुख्य कांवड़िया प्रशांत भोले ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे भगवान भोलेनाथ की कृपा से पूरी तरह स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रतिवर्ष इसी अपार श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ गंगाजल लेकर क्षेत्र में आते हैं। इस अवसर पर डॉ. एके दक्ष ने कहा कि शिवभक्तों और कांवड़ियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने कांवड़ियों के कठिन संकल्प, नियम और अटूट श्रद्धा की सराहना करते हुए कहा कि इनकी भक्ति से आज पूरे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह धर्ममय और भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर मनीषा दक्ष, गोल्डिका दक्ष सहित क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



कांवरती का स्वागत करते डॉ. ए.के. दक्ष

## सड़क कट जाने पर रखा लोहे का जाल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बाढ़ के पानी के तेज बहाव के कारण चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर पांडव नगर पुलिस चौकी के पास सड़क के कट जाने पर लोहे का जाल रखकर मोटरसाइकिल व पैदल आने जाने की व्यवस्था की गई है। गंगा जल स्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के अनेक गांवों व उनके जंगलों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर पांडव नगर पुलिस चौकी के पास बाढ़ के पानी से सड़क कट जाने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। टूटे स्थान पर लोहे का जाल डाले जाने के बाद मोटरसाइकिल व पैदल आना जाना शुरू हो सका।



बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

तुलसी मानस मंदिर के वार्षिक उत्सव का कलश
यात्रा के साथ किया शुभारंभ ( पेज 15 )



# कैसा जमाना आया भाई, करोड़ों की ठगी करने वालों ने पीड़ितों व पुलिस के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई


## डा. नीरज चौधरी बोले- हम पीड़ित पक्ष हैं!

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इसे आप 'चोरी और सीनाजोरी' कह सकते हैं या 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत मान सकते हैं। जिसने 5 करोड़ 40 लाख रुपये की ठगी/धोखाधड़ी की, उसी ने उल्टे पीड़ित पक्ष और पुलिस के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी। हालांकि मामला आईने की तरह साफ है।



नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं वरिष्ठ रालोद नेता डा. नीरज चौधरी इस मामले में पीड़ित पक्ष हैं। बता दें कि डा. नीरज चौधरी और अवधेश कुमार की चांदपुर में असीम शक्ति सरिया फैक्ट्री है। जिसमें सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए उन्होंने भागलपुर, बिहार की कम्पनी एसीई सोलर को 5.40 करोड़ का पेमेंट बैंक टू बैंक किया था। लेकिन उक्त कम्पनी ने न तो सोलर प्लांट लगाया और न ही रकम वापस की। काफी तकाजा करने के बाद भी जब रकम वापस नहीं की गई, तब आरोपी गोपाल टिबरेवाल व उसकी पत्नी विनीता टिबरेवाल जो कि कम्पनी में डायरेक्टर हैं, के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करायी गई। बिजनौर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह लगातार अपना ठिकाना बदलते रहे। कभी दिल्ली तो कभी बरेली, मुंबई, कोलकाता और यहां तक कि नेपाल जाने की बात भी सामने आई। बाद में आरोपी के अदालत से गैर जमानती वारंट हु ए थे। लोकेशन मिलने पर बिजनौर पुलिस ने आरोपी टिबरेवाल और उसकी पत्नी विनीता टिबरेवाल को कानपुर के एक रिजॉर्ट से पकड़ लिया। शिनाख्त के लिये बिजनौर पुलिस डा. नीरज चौधरी के दो कर्मचारियों को अपने साथ ले गई थी। बाद में जमानतनामा दाखिल करने पर टिबरेवाल दम्पति को छोड़ दिया गया था।

उधर इस घटना के बाद आरोपी गोपाल टिबरेवाल की पत्नी विनीता टिबरेवाल ने 156 (3) में कोर्ट के आदेश पर उपनिरीक्षक विनय कुमार, कांस्टेबिल सनी सिंह तथा डा. नीरज, अवधेश कुमार, गौरव असीम, डा. नीरज के कम्पाउंडर अमित आदि के विरूद्ध कानपुर में प्राथमिकी दर्ज करा दी। इस संबंध में डा. नीरज चौधरी का कहना है कि वह पीड़ित पक्ष हैं तथा जिस दिन बिजनौर पुलिस ने कानपुर से आरोपी को पकड़ा था, उस दिन वह मध्य प्रदेश में थे। न तो पुलिस ने, और न ही उन्होंने (डा. नीरज) कोई गैर कानूनी काम नहीं किया है। पुलिस ने अदालत द्वारा जारी गैर जमानती वारंट तथा डीआईजी के आदेश के साथ कार्रवाई की थी। टिबरेवाल दम्पति ने हमें करोड़ों का नुकसान पहुंचाया है। जांच में सब स्पष्ट हो जाएगा।




## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्रगण बिलाल अहमद व उसकी पत्नी अंजुम व मेरा दूसरा पुत्र हिलाल अहमद व उसकी पत्नी शादमा जो मेरे परिवार से अलग कश्मीर में रहते हैं तथा मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्रों व उनकी पत्नियों से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उनके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-महमूद अहमद पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम महुवा थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर**



**भली लगे या बुरी...**

## कश्मीरी पंडितों की घरवापसी कब?

**कश्मीरी पंडितों की घरवापसी को लेकर यह एक कड़वी सच्चाई है कि इस खेल में सिर्फ भाजपा और उसका संघ परिवार ही नहीं, बल्कि तथाकथित सेकुलर दल भी जाने-अनजाने इसमें शामिल हो जाते हैं। अब नये हालात में इन ताकतों को अपना सोच और कार्यशैली न केवल बदलनी होगी, बल्कि उसे विश्वसनीय भी बनाना होगा। उदाहरण के लिए यदि घुसपैठिये मोदी सरकार की योजना का एक लक्ष्य बहुसंख्यक ध्रुवीकरण है, तो भी सेकुलर ताकतों की ओर से एक बयान तो आना ही चाहिए था कि कश्मीरी पंडित भी कश्मीरियत का हिस्सा हैं और अतीत से लेकर वर्तमान तक के इतिहास में उनका अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान कश्मीर और समूचे देश के विकास में रहा है। क्या ही अच्छा होता कि अनुच्छेद 370 के सवाल पर देश से अलग होने तक की सतही धमकी देने वाले कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला राष्ट्रपति की इस उद्घोषणा को हाथोंहाथ लेते और कहते कि हम तो कब से कश्मीरी पंडितों की घर वापसी के लिए पलक पांवड़े बिछाये हुए हैं। वे कश्मीरी पहचान के जरूरी हिस्सा हैं। ऐसा करके निश्चय ही जहां वह कश्मीरी संस्कृति के साथ न्याय करते, वहीं कश्मीर विवाद को सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम या भारत पाकिस्तान के बीच का मुद्दा बनाने की कोशिशों को भी खारिज करने में सफल होते। इसी तरह, वैसे तो आजादी के समय कश्मीर के हिन्दू राजा के साथ किये गये समझौते के तहत संविधान में जोड़ा गया अनुच्छेद 370 कश्मीरियत की पहचान बन चुका था, उसे बचाने और सम्मान देने का भरसक प्रयास होना चाहिए था, मगर उसकी समाप्ति को लेकर भी कश्मीर के नेताओं को इतना अधिक उत्तेजित होने की जरूरत नहीं थी। यह राजनीतिक अपरिपक्वता अधिक है। आधुनिक संदर्भों में जो जरूरी है, वह कश्मीर को हिन्दू-मुस्लिम/भारत-पाकिस्तान की घटिया राजनीति से बचाना है, कश्मीरियत को बचाना है और देश के विकास में मजबूती के साथ खड़े होकर आगे बढ़ना है। ठीक उसी तरह, जिस तरह देश के अन्य राज्यों की संस्कृतियां आज भी पूरी तरह सुरक्षित हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रही है। इसी रूप में कश्मीर को भी देखा जाना चाहिए और विभाजन की मानसिकता से ग्रस्त कदमों का सटीक जवाब दिया जाना चाहिए।**

# युवा शक्ति को मिले दिशा, सपनों को मिले उड़ान

**युवा दिवस पर विशेष**

युवा केवल उम्र की एक अवस्था नहीं, बल्कि ऊर्जा, साहस, कल्पना, परिवर्तन और नवसृजन की चेतना का नाम है। जिस समाज की युवा शक्ति जाग्रत, संवेदनशील और रचनात्मक होती है, वह समाज परिवर्तन की नई इबारत लिखता है। इसके विपरीत जब युवा ऊर्जा दिशाहीन हो जाती है, तो वही शक्ति हिंसा, नशे, उग्रवाद, अपराध, निराशा और विध्वंस का कारण बन सकती है। इसलिए आज दुनिया के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि युवा क्या कर रहे हैं? बल्कि यह है कि उनकी विराट ऊर्जा को किस दिशा में लगाया जा रहा है। इसी चिंतन को वैश्विक स्तर पर महत्व देने के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाता है। वर्ष 2000 से इस दिवस का आयोजन शुरू हुआ। इस वर्ष का विषय है-'विभिन्न परिस्थितियां, साझा आकांक्षाएं।' यह विषय आज की युवा पीढ़ी की वास्तविकता को बहुत गहराई से अभिव्यक्त करता है। दुनिया के युवाओं की परिस्थितियां भिन्न हैं। कहीं गरीबी और बेरोजगारी है, कहीं युद्ध और असुरक्षा, कहीं शिक्षा के अवसरों की कमी है, कहीं तकनीकी असमानता और पर्यावरण संकट है, लेकिन इन सबके बीच उनकी आकांक्षाएं आश्चर्यजनक रूप से समान हैं। वे सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सार्थक रोजगार, सुरक्षा, मानसिक सुख-शांति, निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी और बेहतर भविष्य चाहते हैं। दुनिया की सरकारों को यह समझना होगा कि युवा केवल चुनाव के समय याद आने वाला मतदाता नहीं है। वह राष्ट्र की नीति-निर्माण प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार है। जिस युवा के जीवन को प्रभावित करने वाले निर्णय लिये जाते हैं, उसकी आवाज उन निर्णयों में कितनी शामिल है, यह लोकतंत्र की गुणवत्ता का भी महत्वपूर्ण पैमाना है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 युवाओं को शांति निर्माण और हिंसा की रोकथाम में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्वीकार करता है। यह स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि युवा समस्या नहीं, बल्कि समाधान की शक्ति हैं। आज आवश्यकता है कि हर देश में ऐसी प्रभावी व्यवस्था बने, जिसमें विद्यार्थी, उद्यमी, किसान, वैज्ञानिक, कलाकार, खिलाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता युवा सीधे नीति-निर्माताओं से संवाद कर सकें। केवल युवाओं पर योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं के साथ योजनाएं बनाना आवश्यक है। भारत की सबसे बड़ी शक्तियों में उसकी युवा आबादी भी है। भारत के युवाओं ने अनेक बार सिद्ध किया है कि उनमें केवल नौकरी पाने की आकांक्षा नहीं, बल्कि कुछ नया करने की बेचैनी भी है। विज्ञान, खेल, तकनीक, उद्यमिता, कला, साहित्य और सामाजिक सेवा से लेकर अनेक क्षेत्रों में भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। युवा को योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास का सह-निर्माता बनाना होगा। युवा दिवस की सार्थकता तब होगी, जब 12 अगस्त के बाद भी युवा के जीवन में कोई सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे। क्यों न इस वर्ष प्रत्येक शहर में युवा स्वप्न संवाद आयोजित हो, जिसमें युवा लिखें कि वे अपने देश को अगले दस वर्षों में कैसा देखना चाहते हैं। उन सपनों को केवल कागज पर न रखा जाए, बल्कि सरकार, उद्योग, शिक्षण संस्थान और सामाजिक संस्थाएं मिलकर उनमें से व्यवहारिक योजनाओं को धरातल पर उतारें। प्रत्येक युवा कोई एक उपयोगी कौशल सीखे और समाज के लिए कोई एक जिम्मेदारी स्वीकार करे। प्रत्येक जिले में ऐसे युवा नवाचार केंद्र स्थापित हों, जहां स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए युवा अपनी प्रतिभा



और रचनात्मकता का उपयोग कर सकें। आज युवा शक्ति के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में नशा, डिजिटल लत, हिंसक प्रवृत्तियां, मानसिक तनाव, बेरोजगारी और उद्देश्यहीनता हैं। नशे का फैलता जाल केवल व्यक्ति को नहीं, परिवार और राष्ट्र की उत्पादक शक्ति को भी कमजोर करता है। युवाओं को केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि नशा मत करो, बल्कि उन्हें जीवन का ऐसा उद्देश्य देना होगा कि नशे की आवश्यकता ही महसूस न हो। खेल, योग, ध्यान, कला, साहित्य, सेवा, उद्यमिता और सामाजिक गतिविधियों से युवाओं को जोड़ना होगा।

बुजुर्ग अनुभव के प्रतीक हैं और युवा ऊर्जा के। अनुभव यदि ऊर्जा से नहीं जुड़ेगा तो वह जड़ हो सकता है और ऊर्जा यदि अनुभव से नहीं जुड़ेगी तो दिशाहीन हो सकती है, इसलिए आवश्यकता है अंतरपीढ़ी संवाद की। आज दुनिया के अनेक हिस्सों में युवा आंदोलन हो रहे हैं। युवाओं की आवाज सत्ता और व्यवस्था तक पहुंच रही है। भारत में भी समय-समय पर युवाओं ने अपनी आकांक्षाओं और असंतोष को आंदोलन का रूप दिया है। लेकिन युवा आंदोलन की सबसे बड़ी सफलता तब होगी जब वह केवल विरोध की आवाज न रहकर विकल्प की आवाज बनें। युवा कहें कि हमें केवल शिकायत नहीं करनी, समाधान भी देना है। हमें केवल रोजगार नहीं चाहिए, रोजगार सृजित करने की क्षमता भी चाहिए। हमें केवल अधिकार नहीं चाहिए, हम जिम्मेदारियां भी निभाएंगे। हम केवल सत्ता बदलने नहीं, व्यवस्था को बेहतर बनाने आए हैं। यही युवा आंदोलन की नई परिभाषा हो सकती है। स्वामी विवेकानन्द की प्रेरणा, सुकरात की प्रश्नाकुलता, महात्मा गांधी की करुणा और डॉ. कलाम के सपनों का समन्वय आज के युवा के व्यक्तित्व में होना चाहिए। दुनिया के युवाओं से यह कहना आसान है कि बड़े सपने देखो, लेकिन केवल सपने देखने के लिए कहना पर्याप्त नहीं है। सपनों को आकार देने के लिए अवसरों की संरचना भी करनी होगी।

**ललित गर्ग**

## सकारात्मकता ही सनातन की शक्ति है

हिंदू धर्म की एक खूबसूरत विशेषता यह भी है कि हम अपनी संस्कृति, मंदिरों, त्यौहारों और धार्मिक आयोजनों में भी कमियां निकालने में पीछे नहीं रहते। कांवड़ यात्रा को ही देख लीजिए। लाखों श्रद्धालु पूरी आस्था, निष्ठा और श्रद्धाभाव से कांवड़ लेकर आते हैं, महादेव का जलाभिषेक करते हैं और अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। लेकिन उनमें से एक-दो प्रतिशत लोगों की गलतियों और नकारात्मक गतिविधियों को इतना अधिक दिखाया जाता है कि बाकी श्रद्धालुओं की भक्ति कहीं पीछे छूट जाती है। हमें यह समझना होगा कि आज का युग तो कलयुग है-जहां राम हैं, वहां रावण भी है। दिन है तो रात भी है, सत्य है तो असत्य भी है, अच्छाई है तो बुराई भी है।



इसलिए किसी भी विषय पर अपनी राय या टिप्पणी करने से पहले अपने विवेक और बुद्धि का प्रयोग करें। गलत को गलत जरूर कहें, लेकिन अच्छे को भी पहचानें। नकारात्मकता को बढ़ावा देने के बजाय सकारात्मकता को सामने लाएं, क्योंकि धर्म को कमजोर करने से नहीं, उसकी अच्छी बातों को आगे बढ़ाने से धर्म मजबूत होगा। आइए, हम उन लाखों श्रद्धालुओं की आस्था, अनुशासन और भक्ति को भी देखें, जो पूरी श्रद्धा से महादेव के दरबार में अपनी कांवड़ अर्पित करते हैं। सकारात्मक सोचिए, सकारात्मक दिखाइए और सनातन की अच्छी परंपराओं को आगे बढ़ाइए।



**-ओमेन्द्र त्यागी मनस्वी, बिजनौर**

# चांदपुर का आनंद भवन था क्रांतिकारियों का अड्डा

## 84 वर्ष पूर्व आज के दिन जलाया था यूनियन जैक

**मुहम्मद अजमल**

**चांदपुर ( चिंगारी )**। देश को आजादी दिलाने की जंग में चांदपुर व ग्रामीण क्षेत्र के क्रांतिकारी भी कंधे से कंधा मिलाकर चले थे। नगर के स्टेशन रोड पर नगर पालिका कार्यालय के सामने महेशचन्द्र गुप्ता का आवास आनन्द भवन है। उस समय आनन्द भवन क्रांतिकारियों का अड्डा हुआ करता था, जहां से स्वतंत्रता संग्राम की रणनीति तैयार की जाती थी। क्रांतिकारियों का कार्यालय पर आना-जाना लगा रहता था। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान युवाओं में देश को आजाद कराने के लिए भारी जोश था।






12 अगस्त 1942 को नगर के क्रांतिकारियों महेशचन्द्र गुप्ता, महेश सरन गर्ग, कृष्ण प्रकाश बंसल, राजकुमार मित्तल आदि ने अंग्रेजों को करारा जवाब दिया था। उस समय इन क्रांतिकारियों की आयु लगभग 17 से 18 वर्ष की होगी। उन्होंने जुलूस की शक्ल में नगर के रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर अंग्रेजी हुकूमत के यूनियन जैक को जलाकर तिरंगा झण्डा फहराकर तथा दस्तावेज जलाकर अंग्रेजी हुकूमत को खुली चुनौती दी थी, जिसके लिए अनेक क्रांतिकारियों को जेल जाना पड़ा था।

### डायरी में हैं महान क्रांतिकारियों के हस्ताक्षर

क्रांतिकारी स्व. महेशचन्द्र गुप्ता के पुत्र राजीव लोचन व रंजन गुप्ता बताते हैं कि उनके पिता महेशचन्द्र गुप्ता के पास एक डायरी थी, जिस पर महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरोजिनी नायडू, शंकर राव देव, गोविन्द बल्लभ पन्त, राजेन्द्र प्रसाद, कृपालानी आदि के हस्ताक्षर (आटोग्राफ) हैं। वो डायरी निशानी के रूप में स्व. महेशचन्द्र गुप्ता की 93 वर्षीय पत्नी श्रीमती माया देवी ने आज भी अपने पास सहेज कर रखी हुई है।

### जेल में नीम के पत्तों व गेरू से तिरंगा बनाकर दी सलामी

महेशचन्द्र गुप्ता के पुत्र राजीव लोचन व रंजन गुप्ता बताते हैं कि उनके पिता ने बताया था कि जेल में रहने के दौरान तिरंगा न मिलने पर क्रांतिकारियों ने बनियान पर नीम के पत्तों को पीसकर हरा रंग लगाया तथा गेरू से केसरिया रंग बनाकर तिरंगा बनाकर उसको सलामी दी थी।

### पति पर गर्व है- माया देवी



**स्वतंत्रता सेनानी महेशचन्द्र गुप्ता की 93 वर्षीय पत्नी श्रीमती माया देवी का कहना है कि उन्हें अपने पति पर गर्व है, जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए हुए आंदोलन में हिस्सा लिया।**

### चांदपुर में आनन्द भवन होने पर खुश हुए थे पंडित जवाहरलाल नेहरू

**रंजन गुप्ता बताते हैं कि उनके स्व. पिता महेशचन्द्र गुप्ता बताते थे कि जब पंडित जवाहरलाल नेहरू उनके आवास पर आये तो गेट पर आनन्द भवन लिखा देखकर बहुत खुश हुए थे, क्योंकि इलाहाबाद स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू का भी आनन्द भवन नाम से आवास था।**

### नगर पालिका कार्यालय में लगी है क्षेत्र के क्रांतिकारियों के नाम की पटशिला

चेयरपर्सन जीनत शेरबाज ने नगर पालिका कार्यालय परिसर में क्रांति समर के वीरों की गाथा शीर्षक से नगर व क्षेत्र के 37 क्रांतिकारियों के नाम की पटशिला लगवाई है, जिस पर उनके नाम पते सहित अंकित हैं।

# ...जरा याद करो कुर्बानी

**नूरपुर ( चिंगारी )**। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में नूरपुर क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जो कि आजादी के ऐतिहासिक दस्तावेजों में दर्ज है। यहां थाने के सामने स्थित शहीद स्थल राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम के साथ ही जुल्म के विरुद्ध संघर्ष करने का एक ऐतिहासिक प्रेरणा स्तम्भ है।



शहीद परवीन सिंह, रिक्खी सिंह

सन् 1942 में महात्मा गांधी के अंग्रजों भारत छोड़ो के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत करो या मरो नारे का नूरपुर में ऐसा असर हुआ कि आजादी के हजारों मतवालों ने नूरपुर थाने पर एकत्रित होकर भारतीय तिरंगा झंडा फहरा दिया। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से गांव गुनियाखेड़ी निवासी परवीन सिंह एवं अस्करीपुर निवासी रिक्खी सिंह शहीद हो गए थे। गांव ढेला अहीर निवासी मुंशीराम पैर में गोली लगने से घायल हुए थे। इस मामले में करीब 32 लोग गिरफ्तार किए गए थे तथा छह हजार रूपये सामुहिक जुर्माना लगाया था। गांव अस्करीपुर निवासी शहीद रिक्खी सिंह के पुत्र रामस्वरूप सिंह, योगेश शर्मा एवं मा. भूपेंद्र सिंह के मुताबिक गांधी जी के नारे के बाद 11 अगस्त 1942 को नूरपुर क्षेत्र के क्रांतिकारियों की एक गुप्त बैठक हुई, जिसमें 16 अगस्त को नूरपुर थाने पर तिरंगा फहराने का निर्णय लिया गया। बैठक इतनी गुप्त रही कि पुलिस को भनक तक नहीं लग पाई। 16 अगस्त को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक क्रांतिकारियों का एक जत्था फीना की ओर से क्षेत्रपाल सिंह के नेतृत्व में, दूसरा जत्था गोहावर की ओर से परवीन सिंह, रिक्खी सिंह एवं नारायन सिंह के नेतृत्व में तथा तीसरा जत्था ताजपुर की ओर से डॉ. राजकुमार के नेतृत्व में नूरपुर पहुंचा। पुलिस ने फीना वाले जत्थे को नूरपुर से बाहर ही लाठीचार्ज कर रोकने का प्रयास किया, पर किसी तरह करीब 15 हजार लोग नूरपुर थाने तक पहुंच गए।

नूरपुर के वैद्य जगनंदन प्रसाद एवं ताजपुर के डॉ. राजकुमार ने थानेदार से बात कर शांतिपूर्ण ढंग से थाने पर झंडा फहराने की बात कही। थानेदार ने उनकी बात नहीं मानी तथा भीड़ पर लाठीचार्ज करा दिया। भीड़ के वहां से न हटने पर पुलिस ने गोली चला दी। इस दौरान थाने पर झंडा फहराने का प्रयास कर रहे गांव गुनियाखेड़ी निवासी परवीन सिंह मौके पर ही शहीद हो गए। अस्करीपुर निवासी रिक्खी सिंह ने जेल के अस्पताल में दम तोड़ा तथा पैर में गोली लगने से घायल हुए ढेली अहीर निवासी मुंशीराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नूरपुर प्रदर्शन के सिलसिले में करीब 32 लोग गिरफ्तार किए गए। छह हजार रूपये सामुहिक जुर्माना लगाया गया। गिरफ्तार लोगों को लोअर कोर्ट से छह-छह वर्ष कारावास की सजा मिली। अपील के बाद सेशन कोर्ट से 16 व्यक्ति छूट गए, शेष को दो-दो वर्ष की सजा हुई। फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील की गई, जिसके बाद अप्रैल 1944 में सभी की रिहाई हुई। 16 अगस्त 1942 की यह घटना पुलिस रिकॉर्ड में क्राइम संख्या 34 पर दर्ज है। परवीन सिंह एवं रिक्खी सिंह जिस स्थान पर शहीद हुए थे, उस स्थान पर उनका स्मारक बना हुआ है। इस स्मारक पर प्रत्येक वर्ष 16 अगस्त को शहीद मेले का आयोजन किया जाता है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा साल में दो-तीन बार स्मारक की साफ सफाई कराई जाती है। पुलिस लाइन से सलामी गार्द पहुंचकर सलामी देती है। इस बार नगर पालिका अध्यक्ष डा. एमपी सिंह द्वारा इस शहीद स्थल का शासन की वन्दना योजना के तहत भव्य सौंदर्यकरण कराया गया है।

### अस्करीपुर पर लगा था सामूहिक जुर्माना

शहीद रिक्खी सिंह के गांव अस्करीपुर का स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी इतिहास रहा है। गांव के हरस्वरूप सिंह बिजनौर जेल में रहे। मेघराज सिंह व सुखलाल सिंह ने दिल्ली जेल में सजा काटी। कल्लू सिंह दीवान आगरा जेल में बंद रहे। इस गांव के कई नामजद क्रांतिकारियों के हाथ न लगने पर उन्हें भगोड़ा घोषित कर गांव पर सामूहिक रूप से तीन सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया था, जो कि गांव के लोगों से लगान के रूप में वसूला गया था। आजादी मिलने के बाद यह जुर्माना वापस किया गया था, जिसको गांव के लोगों ने गोहावर के सम्पूर्णानंद इंटर कॉलेज में लगाया था। अस्करीपुर के दस वीर जवान द्वितीय विश्व युद्ध में अंग्रेजों की ओर से जर्मनी के विरुद्ध लड़े थे, जिसमें एक जवान शहीद हुआ था। इसके लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा मार्बल के पत्थर पर लिखा हुआ एक प्रशस्ति-पत्र दिया गया था, जो कि गांव के प्राथमिक विद्यालय की दीवार में लगा हुआ है।




शहीद स्थल नूरपुर

**प्रस्तुति - सरदार कमलजीत सिंह नूर**

# झूले तो पड़ गये अमवा की डाल पे....

## शिव मंदिर में महिलाओं ने मनाया तीज मिलन


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि का पर्व एवं तीज मिलन कार्यक्रम मोहल्ला खातियान स्थित, शिव मंदिर मैठ सभा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन के साथ सावन के गीतों का गायन किया गया। उमा वर्मा द्वारा देखे री मैंने दो झूले, नमीता वर्मा द्वारा झूले तो पड़ गए अमवा की डाल पे जी, मंजू वर्मा द्वारा झूला पीपल में डलवाओ प्यारी राधा रानी का तथा अन्य महिलाओं ने भी सावन के गीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, बीना वर्मा, कंचन वर्मा, राधिका वर्मा, स्वाति वर्मा, चाहत वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, अनीता वर्मा, कनिका वर्मा, नमीता वर्मा, ममता वर्मा, निशा वर्मा, शशि वर्मा, किरण वर्मा, दीपा वर्मा, रेनू वर्मा, कमल वर्मा, मंजू वर्मा, कोच्चि वर्मा, पायल वर्मा, तनु वर्मा, मोहित्ता वर्मा, पूजा वर्मा तथा रेनू भारद्वाज, मीनू आर्य, सुधा विश्नोई, रेनू तोमर, बीना अग्रवाल, सोमवती, प्रेमवती, प्रीति, मीनाक्षी, मोहिनी रस्तोगी, ईशु रस्तोगी उपस्थित रही।

# महंगाई बढ़ रही लगातार, कुछ उपाय करे सरकार

## पूर्व सैनिकों की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई पर चिंता व्यक्त की है। कहा कि जनता को इससे राहत दिलाने के उपाय किए जाने चाहिए। इस संबंध में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में महंगाई आसमान छू रही है, आवश्यक चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। खाद्य पदार्थों, दूध, और रसोई के सामान की कीमतें बढ़ने से आम आदमी की बचत खत्म हो रही है। वहीं पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों के कारण भी परिवहन और माल ढुलाई महंगी हो गई है, जिससे हर वस्तु के दाम बढ़ रहे हैं। कहा कि सरकार को टैक्स और एक्साइज ड्यूटी कम कर आम जन को राहत प्रदान करनी चाहिए। बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, बलवान सिंह रावत, अनूप बिष्ट, सुरेन्द्र असवाल, विरेन्द्र रावत, कैलाश चन्द्र बड़थ्वाल और दलबीर सिंह नेगी आदि पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# जगदीश सचदेवा को श्रद्धांजलि अर्पित की


स्व. जगदीश सचदेवा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री ओम सहाय भटनागर के निवास पर यूनाइटेड इंडिया इन्शुरेन्स के सेवा निवृत विकास अधिकारी जगदीश सचदेवा (काली) के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें जिले के समस्त सेवा निवृत विकास अधिकारियों ने उपस्थित होकर जगदीश सचदेवा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा को शांति एवं उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सभा में श्री सचदेवा के परिवार को हर प्रकार से सहयोग प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। शोक सभा में ओम सहाय भटनागर, नवीन शर्मा, रविन्द्र कोहली (बिजनौर), धीरेश अग्रवाल, योगेन्द्र पाल सिंह (धामपुर), मौहम्मद आफाक (नजीबाबाद) और दिनेश कुमार एवं अतुल अग्रवाल (कोटद्वार) आदि सेवा निवृत विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# धामपुर ने खोई एक जानी-पहचानी शख्सियत

## नहीं रहे हाजी साबिर अंसारी 'कोयले वाले'


फाइल फोटो हाजी साबिर अंसारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला महल सराय निवासीआयशा मस्जिद की कमेटी के सदस्य एवं समाजसेवी हाजी साबिर अंसारी का बीती रात इंतकाल हो गया। वह 97 वर्ष के थे। समाजसेवी हाजी साबिर अंसारी ने कोयला बेचने का कारोबार किया हुआ था। इसी के साथ वह बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी भी रहे और नगर कल्याण समिति के माध्यम से भी सांप्रदायिक सौहार्द का कार्य करते रहे।

वह मोहल्ला महल सराय स्थित आयशा मस्जिद की प्रबंध कमेटी के सदस्य रहे। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। वह बेहद नेकदिल, मिलनसार और सादगी पसंद इंसान थे। धामपुर में उनकी अपनी एक अलग पहचान थी। लोग उन्हें सिर्फ उनके नाम से ही नहीं, बल्कि 'साबिर कोयले वाले' के नाम से भी जानते थे। विभिन्न त्योहारों पर थाने में जब शांति समिति की बैठक आयोजित होती थी तो वह अपनी बात को शेरो शायरी के माध्यम से बखूबी रखते थे।

# नशे के खिलाफ शिक्षण संस्थानों में चलायें अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी द्वारा सीएम पोर्टल पर शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अधिकांश छात्रों के नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद करने संबंधी शिकायत 3 अगस्त 2026 को दर्ज कराई गई थी। सोसाइटी द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने सहित समिति के ध्येय वाक्य शिक्षा ही नहीं संस्कार भी चाहिए, नशामुक्त उत्तराखंड चाहिए, को प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग से सहयोग की अपील की गई थी। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुगड्डा की ओर से विकास खंड के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पूर्व में ही निर्देशित किया जा चुका है। यह जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुगड्डा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

# दुकानों के आवंटन में की पारदर्शिता की मांग

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से उनके ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में कृषि मंडी समिति ऋषिकेश के आढ़तियों ने कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान आढ़तियों ने मंडी में दुकानों के अवैध तरीके से किए गए आवंटन को लेकर अवगत करवाते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि मंडी में दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता का अभाव रहा है, जिससे वास्तविक पात्रों के साथ अन्याय हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 13 वर्षों से कार्यरत एक कर्मचारी द्वारा अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन न करने की शिकायत भी विधायक के समक्ष रखी। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने सभी आढ़तियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया कि मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करना प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद जायसवाल, ऋषि जायसवाल, मयंक गुप्ता, राहुल जायसवाल, अखिलेश मौर्या, नवीन शर्मा, सुभाष गुप्ता, धर्मजीत अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, मनदीप गुप्ता, मनदीप सिंह, चंदू चौरसिया, संदीप खुराना, खैराती लाल, हर्षित आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम मंदिर आश्रम धाम में मंत्रोच्चार के साथ किया गया शिव का जलाभिषेक


पूजन करते हुए विवेक अग्रवाल सपत्नी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास के अवसर पर सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर आश्रम धाम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प, धूप और दीप आदि से अभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। रुद्राभिषेक के यजमान श्रीमती राजेश्वरी देवी, कांदिवली वेस्ट मुंबई, रामेश्वर लाल जाट, श्रीमती संतोष चित्तौड़गढ़, चंद्रभान उपाध्याय फिरोजाबाद तथा विवेक अग्रवाल और श्रीमती पूजा अग्रवाल धामपुर रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार के कल्याण की कामना की। आयोजन में चंद्र प्रकाश फौजी, बेबी शर्मा, राकेश मिश्रा, सौरभ वशिष्ठ, रेनू सैनी, गीतांजलि वशिष्ठ, जगन्नाथ, लड्डू प्रसाद और सुमित अवस्थी समेत अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। रुद्राभिषेक के बाद भगवान शिव की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# बालाजी मंदिर में जल व दूध से किया भोलेनाथ का अभिषेक

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर मन्दिर के महंत डॉ. अमित कुमार गिरी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सत्य नारायण अग्रवाल, आदित्य गिरि, महंत शुभम जोशी तथा अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल व दुग्ध अभिषेक किया। मन्दिर की पुजारिन पूनम गिरि ने मां पार्वती का श्रृंगार किया। इस अवसर पर पूर्वी जोशी, रागिनी जोशी, संगीता जोशी, समता जोशी ने भजनों से मन्दिर का माहौल भक्ति मय कर दिया। इस अवसर पर समता जोशी, संगीता जोशी, पूर्वी जोशी, रागिनी जोशी, आयुषी जोशी, आशा देवी, सुधा आकाश शर्मा, आभा सुमन, सुनीता कुंवर बसेड़ा, मीनाक्षी जोशी व अनेक महिला श्रद्धालुगण भजन-कीर्तन में सम्मिलित रहे।


बालाजी मंदिर में भजन कीर्तन करते हुए महिलाएं।

# घर-घर तिरंगा फहरायें, बिजनौर को प्रथम स्थान दिलायें !

## डीएम जसजीत कौर ने की स्वतंत्रता दिवस, तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ हर घर तिरंगा-2026 अभियान, स्वतंत्रता दिवस समारोह और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यक्रमों की तैयारियां समय से पूरी कर उन्हें भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निर्धारित पोर्टल पर अधिक से अधिक लोगों की राष्ट्रीय ध्वज के साथ फोटो अपलोड कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर को इस अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें।

### 14 अगस्त को निकलेगी जिला स्तरीय तिरंगा रैली

जिलाधिकारी ने तिरंगा रैली के आयोजन को आपसी समन्वय के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 12 और 13 अगस्त को विकास खंड एवं नगर निकाय स्तर, 14 अगस्त को जनपद स्तरीय तथा 15 अगस्त को विद्यालयों के माध्यम से तिरंगा रैली निकाली जाएगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएंगी। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ विजेताओं को आगामी 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।




### सरकारी कार्यालयों में 14 से 17 अगस्त तक होगी विशेष सजावट

डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को परिषदीय एवं इंटर कॉलेजों में दीवार पेंटिंग, रंगोली सहित देशभक्ति और जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 अगस्त से संबंधित सभी कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। अनुपस्थित पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने 14 से 17 अगस्त तक कलेक्ट्रेट, विकास भवन, खंड विकास कार्यालयों, अधिशासी अधिकारी कार्यालयों समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में विशेष सजावट और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

### विभाजन की विभीषिका झेलने वाले परिवार होंगे सम्मानित

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस और तिरंगा अभियान से जुड़े सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को तिरंगा रैली आयोजित होगी। इसी दिन शाम 4:30 बजे विकास भवन सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विभाजन की विभीषिका का दंश झेल चुके व्यक्तियों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP


APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

## भाजपाइयों ने शेरकोट में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा




**शेरकोट (चिंगारी)।** मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों कार्यकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा चौक पर जमा हुए। इस बीच मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अशोक राणा और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा शुरू हुई,जो मुख्य बाजार,अली मस्जिद चौक, स्टेट बैंक चौक से होकर जामा मस्जिद के सामने पहुंची और तुर्फैल की टाल के सामने से होकर पुनः बैंक ऑफ बड़ौदा के चौक पर आकर समाप्त हो गई।

यात्रा समापन से पूर्व विधायक अशोक कुमार राणा और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्ष और बलिदान से हमारे देश को आजादी मिली थी। उन्होंने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश की आजादी का जश्न मनाने और 15 अगस्त की शाम को सम्मानपूर्वक तिरंगा उतारकर सुरक्षित रखने की अपील की। तिरंगा यात्रा में नगर मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी, धर्मवीर चौहान, कामेश्वर राजपूत, विवेक कोहली, एमपी बख्शी, शशिकांत शर्मा, जिला महामंत्री दिनेश सैनी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रणजीत सिंह दारा, राजवीर गहलोत, संजीव कुमार, सभासद राधे सैनी, चांद खां, विपिन कुमार, डा. अमित, शिवकुमार, जयवीर पंचाल, फूल सिंह सैनी, संजय प्रजापति, शुभम बिड़ला, सुभाष चौहान आदि शामिल रहे।

## स्योहारा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**स्योहारा (चिंगारी)।** कस्बे के मोहल्ला तराई में मंगलवार की शाम को तब सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अपने किराये के मकान में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रोहित कुमार (30 वर्ष) पुत्र खेमचंद्र के रूप में हुई है, जो मोहल्ला तराई में किराये के मकान में रहता था। जानकारी के अनुसार उसकी शादी लगभग चार वर्ष पूर्व थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम कुरीबागर निवासी राधा से हुई थी। दंपति के तीन बच्चे, दो पुत्र और एक पुत्री है। घटना के समय उसकी पत्नी घर पर मौजूद नहीं थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक तौर पर मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## अफ़ज़लगढ़ के अकरम की दुबई में मौत



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** एक सप्ताह पूर्व काम के सिलसिले में दुबई गए नगर निवासी मौ. अकरम की हार्ट अटैक के बाद उपचार के दौरान मौत हो जाने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया और नगर में शोक की लहर दौड़ गई।


नगर के मोहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी भट्टी के खानदान में अहमद हसन उर्फ कलवा का लगभग 48 वर्षीय पुत्र मौ. अकरम पहले काम के सिलसिले में कई वर्षों तक सऊदी अरब रहा और फिर वहां से आकर कुछ समय यहां गुजारने के बाद अब एक हफ्ता पूर्व वह काम के सिलसिले में दुबई चला गया था। परिजनों के मुताबिक दो दिन पूर्व वहां उसे हार्ट अटैक हुआ और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शादी के 20 वर्ष बाद हुई पहली संतान। नगर के मोहल्ला नेजो सराय निवासी मुन्नू की पुत्री नूरजहां से अकरम का लगभग 24 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। शादी के 20 साल बाद तक संतान न होने पर उन्होंने 4 साल पहले एक अबोध बालिका को गोद लिया। अमाईरा नामक उस बेटी को सभी बड़े लाड़ प्यार से पाल रहे थे कि शादी के 22 वर्ष बाद यानि 2 वर्ष पहले अल्लाह ने उन्हें एक बेटा दिया, जिसे लेकर घर में खुशियों की लहर दौड़ गई। घर में खुशियों का माहौल था कि पिता अकरम की मौत से घर में मातम छा गया।

# आज के ही दिन धामपुर में गूंजा था इंकलाब जिंदाबाद का नारा

## चौ. कुलमणि सिंह ने तहसील में खड़े होकर युवकों में भरा था जोश

-मनोज कात्यायन

**धामपुर ( चिंगारी )।** महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए आंदोलन अंग्रेजों भारत छोड़ो में धामपुर के क्रांतिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उस समय धामपुर के मोहल्ला खातियान निवासी चौधरी कुलमणि सिंह ने जब नारा लगाया इंकलाब जिंदाबाद व अंग्रेजों भारत छोड़ो तो उनके साथ नगर के अनेक नवयुवक एकत्रित होकर आगे बढ़ने लगे। अनेक लोग कौतूहल वश इनके पीछे-पीछे चलने लगे और यह हुजूम एक जुलूस की शक्ल में तबदील होकर थाने पर जा पहुंचा, जहां जोशीले अंदाज में चौधरी कुलमणि सिंह ने इंकलाब जिंदाबाद के साथ ही साथ अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे भी लगाए। तब थानेदार चौधरी कुलमाणि सिंह को पकड़ने के लिए लपका, लेकिन नगर के केएम इंग्लिश हाईस्कूल के छात्रों ने उनको गिरफ्तार नहीं होने दिया। उसके बाद यह जुलूस तहसील प्रांगण में जा पहुंचा, जहां खड़े पिलखन के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर खड़े होकर कुलमणि सिंह ने जनमानस को संबोधित करते हुए ब्रिटिश हुकूमत को ललकारा था। तहसील के बाद जुलूस मोहल्ला गुजरातियान में स्थित सरकारी गल्ला गोदाम पर जा पहुंचा। भीड़ को देखकर गोदाम प्रभारी वहां से भाग गया और युवकों ने गोदाम के ताले तुड़वाकर अनाज को गरीबों को बांट दिया। युवाओं में



स्व. चौधरी कुलमणि सिंह

जुनून बढ़ता जा रहा था, वह सरकारी दफ्तरों में घुस गए और अभिलेखों में आग लगा दी। फर्नीचर तोड़ दिया, टेलीफोन के तार काट दिए, रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर स्टेशन मास्टर के ऑफिस का सरकारी रिकॉर्ड फाड़कर आग के हवाले कर दिया, सिग्नल प्रणाली को ध्वस्त करके स्टेशन का केबिन से संपर्क काट दिया।

इसके बाद जिला मुख्यालय से एसपी पुलिस के साथ धामपुर पहुंचे और चौधरी कुलमाणि सिंह की तलाश कराई, परंतु वह भूमिगत हो चुके थे। मुखबिर की सूचना पर चौधरी कुलमाणि सिंह को 1 दिसंबर 1942 को गिरफ्तार किया गया और अदालत से डिफेंस ऑफ इंडिया के प्रावधानों के अंतर्गत 2 साल सजा के साथ जुर्माने की सजा सुनाकर जिला जेल बिजनौर दाखिल किया गया और बाद में मेरठ जिला कारागार में भेजा गया, जहां से वह सजा काटकर रिहा हुए। भारत सरकार ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का दर्जा दिया था और ताम्र पत्र भी प्रदान किया था।



# कभी पीपल, बरगद, नीम के पेड़ हुआ करते थे गांव की पहचान

## खासपुरा में बचे हैं सिर्फ तीन बड़े पेड़

स. हरमन्दर सिंह

**खासपुरा ( चिंगारी )।** आज भले ही सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चला रही हो, लेकिन हमारे बुजुर्गों ने वर्षों पहले ही प्रकृति संरक्षण की ऐसी मिसाल कायम कर दी थी, जिसकी बदौलत गांव हरे-भरे और पर्यावरण संतुलित रहते थे। पहले गांवों की पहचान पीपल, बरगद और नीम जैसे विशाल पेड़ों से होती थी। गांव के बाहर या गांव के अंदर, यह धार्मिक स्थलों पर खड़े ये पेड़ गांव की पहचान के साथ-साथ लोगों के जीवन का अहम हिस्सा भी थे। लेकिन समय के साथ सड़क चौड़ीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और विकास कार्यों के चलते ये पुराने पेड़ तेजी से खत्म होते जा रहे हैं।



इसका उदाहरण नूरपुर ब्लॉक का ग्राम खासपुरा है, जहां कभी लगभग दस विशाल पीपल, बरगद और



नीम, जामुन के पेड़ हुआ करते थे। आज स्थिति यह है कि मुश्किल से पुराने पेड़ तीन या चार ही बचे हैं। जो एक गुरु नानक चौक गुरुद्वारा पर पिलखन, दूसरा गांव के बीच मस्जिद को जाने वाले रास्ते के चौराहे पर, वह तीसरा पशु चिकित्सालय बाजार में।

बुजुर्ग घनश्याम कर्णवाल का कहना है कि हमारे घर के आमने-सामने और पास में दो पिलखन और एक नीम का पेड़ हुआ करता था, इन पेड़ों के नीचे कभी चौपाल लगती थी, राहगीर आराम करते थे और पशुओं को भी छाया मिलती थी। गर्मी के दिनों में यही पेड़ गांव को ठंडक देते थे और पक्षियों का बसेरा भी बने रहते थे। अब पेड़ों की संख्या कम होने से गांव की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली दोनों प्रभावित हुई हैं।



घनश्याम कर्णवाल



हरदयाल सिंह पौथीवाल



नौशाद अंसारी

गांव के बुजुर्ग हरदयाल सिंह पोथीवाल का कहना कि मेरी उम्र भी लगभग 76 वर्ष हो गई है, और मेरे जन्म से पहले गुरुद्वारे के प्रांगण में पिलखन का वृक्ष लगा हुआ है और हमारे पूर्वजों ने यह वृक्ष लगाया था। जितने भी गांव में पीपल, पिलखन, नीम या जामुन के पेड़ थे या जो अब हैं इनकी आयु लगभग 100 साल से ऊपर की हैं।



समाज सेवी नौशाद अंसारी का कहना विकास जरूरी है, लेकिन पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। यदि सड़क निर्माण के लिए पेड़ काटना पड़े तो उसके बदले कई गुना नये पौधे लगाए जाएं और उनकी देखभाल सुनिश्चित की जाए। साथ ही, गांव में बचे पुराने पीपल, बरगद और नीम के पेड़ों को संरक्षित किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी इस प्राकृतिक विरासत को देख सकें।

# मेरा नाम करेगा रोशन..

## ईश्वर तुम्हारी कामना पूर्ण करें



मो. अबूजर



आराध्या शर्मा



वृंदा जावा



जारा नबील



प्रियंका चौहान



सिदरा परवीन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** मां-बाप को तो अपने बच्चों से उम्मीद रहती है कि वे पढ़-लिखकर उच्च मुकाम हासिल कर उनका नाम रोशन करें, वहीं बच्चों के भी अपने सपने होते हैं, कोई आईएएस बनना चाहता है, तो कोई डॉक्टर बनने की इच्छा रखता है। **मुहल्ला सरायरफी** में हनुमान मंदिर के पास रहने वाले मनोज कुमार शर्मा व श्रीमती लक्ष्मी शर्मा की पुत्री आराध्या शर्मा जेपी पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है। आराध्या शर्मा की इच्छा आईएएस अफसर बनकर देश की सेवा करने की है। **मुहल्ला कोटला** निवासी श्रीमती फरजाना परवीन व मौ. अहसान की पुत्री सिदरा परवीन क्रीसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कक्षा 4 की छात्रा है। सिदरा परवीन की रूचि शुरू से ही आर्ट में है, वे अपने हाथ से बहुत खूबसूरत तस्वीरें बनाती हैं, सिदरा परवीन की इच्छा आर्टिस्ट बनने की है। नगर में हल्दौर रोड पर रहने वाले केमिस्ट नबील अहमद की पुत्री जारा नबील व पुत्र मौ. अबुजर फादरदन पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जारा नबील की इच्छा चिकित्सक की है, जबकि उनके पुत्र मौ. अबुजर पुलिस अधिकारी बनना चाहते हैं। **ग्राम रूपपुर** निवासी श्रीमती सीमा चौहान व ठा. वेदप्रकाश चौहान की हिमालयन एकेडमी में शिक्षा ग्रहण कर रही पुत्री प्रियंका चौहान की इच्छा भविष्य में नेवी में जाकर देश की सेवा करने की है। **नगर के मुहल्ला कायस्थान** निवासी शिक्षिका श्रीमती गुंजन जावा व शशांक जावा की बेटी वृंदा जावा पायलट बनना चाहती है। नगर की दया विहार कालोनी में रहने वाली श्रीमती राशि राणा व सौरभ राणा की पुत्री ध्वनि राणा आईपीएस बनने की इच्छा रखती है। **प्रस्तुतिः मो. अजमल**



ध्वनि राणा



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सशक्त समाज, सशक्त देश के लिये बालिकाओं का सशक्त होना अनिवार्य है। बालिकायें सशक्त तभी होंगी, जब वे सुशिक्षित और सेल्फ डिपेंडेंट होंगी। जब वे नौकरी मांगने वाली नहीं, नौकरी देने वाली होंगी। नांगल निवासी एक माता-पिता भी अपनी बिटिया के लिये ऐसा ही सपना देख रहे हैं। नांगल निवासी गुलशन जहां और अखलाक हुसैन की पुत्री अलीना इदरीसी S 4 इंटरनेशनल स्कूल नांगल सोती में कक्षा 7 की छात्रा है। माता-पिता ने अलीना के सुनहरे भविष्य के लिये सपना देखा है कि वो सेल्फ डिपेंडेंट (आत्मनिर्भर) बने। उसे अपने पैरों पर खड़ा होने के लिये किसी के सहारे की जरूरत न पड़े, बल्कि वो खुद औरों का सहारा बने। उनका सपना है कि उनकी बेटी नौकरी मांगने वाली नहीं, नौकरी देने वाली बने। अखलाक हुसैन का कहना है कि सशक्त समाज और सशक्त देश के लिये बेटियों का सशक्त होना अत्यन्त आवश्यक है, इसलिये वे अपनी बेटी को सेल्फ डिपेंडेंट बनाना चाहते हैं। **चिंगारी** कामना करता है कि गुलशन जहां और अखलाक हुसैन ने अपनी बेटी के लिये जो सपना देखा है, वो पूरा हो और देश की हर बेटी सशक्त हो, ताकि समाज और देश सशक्त बने।

**प्रस्तुतिः रुकन राजपूत**

# ज़मीन के मुक़दमे : न्याय की प्रतीक्षा में टूटता आदमी

ज़मीन के मुकदमों में केवल फैसले नहीं, समय भी न्याय के कटघरे में खड़ा है। तारीखें बढ़ती हैं, खर्च बढ़ता है और गलत तत्वों का साहस बढ़ता है। वर्तमान में घटित कुछ घटनाएं इशारा हैं कि न्याय में देरी का दर्द अब समाज के धैर्य को भी छूने लगा है। अदालतों के बाहर और भीतर दोनों जगह बेचैनी दिखाई देने लगी है। न्याय में देरी केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं, यह समाज के लिए घातक है। इससे न्याय व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होता है जो सामाजिक असंतोष को जन्म देता है। भारत में एक गरीब, किसान या एक मध्यमवर्गीय मनुष्य के लिए जमीन केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, उसके जीवन भर की कमाई, उसकी संपूर्ण पूंजी, उसका सम्मान, उसके भविष्य का आधार, बच्चों की शिक्षा और विवाह का सहारा, बूढ़े माँ-बाप की हिफाजत और आने वाली पीढ़ियों की उम्मीद होती है। लेकिन यही जमीन किसी मुकदमे में पड़ जाती है तो अदालत में केवल एक फाइल नहीं खुलती, बल्कि एक परिवार की परेशानियों का नया अध्याय शुरू हो जाता है। हर नई तारीख उसके लिए उम्मीद नहीं, बल्कि एक नया खर्च, एक नया आर्थिक और मानसिक बोझ बन जाती है। यही सिलसिला वर्षों नहीं, अक्सर दशकों चलता है। एक पीढ़ी मुकदमा शुरू करती है, दूसरी पीढ़ी उसकी अगली तारीखों का इन्तजार करती है। विडंबना ही है जिस जमीन के लिए लोग जीवन भर मेहनत करते हैं उसी जमीन के मुकदमे उसके जीवन की शांति छीन लेते हैं। उनकी वृद्धावस्था अदालतों के चक्कर लगाते हुए बीतती है। कई बार मुकदमे का फैसला आने से पहले ही मूल पक्षकार इस दुनिया से विदा हो जाता है। दूसरी ओर प्रभावशाली और संपन्न पक्षकार देरी को ही अपनी रणनीति बना लेते हैं। उन्हें पता है मुकदमे की लंबाई ही उनकी ताकत है। वे स्थगन, अपील, तकनीकी आपत्तियों और प्रक्रियात्मक देरी के माध्यम से मामले को वर्षों तक खींचते रहते हैं। उनका उद्देश्य कई बार मुकदमा जीतना नहीं, बल्कि सामने वाले को थका देना होता है। जब एक मामला वर्षों तक लटका रहता है और उसका अदालत से त्वरित परिणाम नहीं निकलता तो ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ता है, वह दूसरे लोगों को परेशान करने, विवाद खड़े करने और दबाव की राजनीति करने का साहस जुटा लेते हैं।



न्याय में देरी का लाभ अक्सर भू-माफिया और दबंग तत्वों को मिलता है। तारीखें जीत जाती हैं और सही पक्ष हार जाता है। जब तक फैसला आता है तब तक न जाने कितने सपने, कितनी योजनाएं और कितनी खुशियां अदालत की सीढ़ी पर दम तोड़ चुकी होती हैं और तारीखों की धूल में दबा हुआ न्याय, कई बार अन्याय से भी ज्यादा पीड़ा देता है। जबकि कानून की आत्मा कहती है देर से मिला न्याय नहीं होता। समय की आवश्यकता है कि भूमि विवादों में त्वरित न्याय व्यवस्था, विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय, निश्चित समय सीमा में सुनवाई, भू-अभिलेखों का पूर्ण डिजिटलीकरण, सीमांकन और नक्शों का आधुनिकीकरण, झूठे दावों पर आर्थिक दंड और अनावश्यक स्थगनों पर नियंत्रण जैसी व्यवस्थाएं लागू की जाएं। यदि सुधार नहीं किए गए तो आने वाले समय में सबसे बड़ा संकट जमीन का नहीं न्याय पर जनता के विश्वास का होगा। यदि न्याय की राह इतनी लंबी रही कि आदमी रास्ते में ही टूट जाए, तो असंतोष अदालतों की सीमाओं से निकलकर समाज की गलियों तक पहुंच जाएगा। किसी भी लोकतंत्र और सभ्य समाज के लिए यह शुभ संकेत नहीं कि गलत आदमी निडर हो और सही आदमी न्याय मांगने से डरने लगे। अभी भी समय है कि तारीखों को न्याय का विकल्प नहीं, बल्कि न्याय तक पहुंचने का साधन बनाया जाए।

-रिफ़ाक़त मिर्ज़ा, बिजनौर

# क्या विद्यार्थियों का भविष्य राजनीति से ऊपर नहीं होना चाहिए?

मुद्दा

लोकतंत्र में किसी मंत्री का इस्तीफा केवल एक राजनीतिक घटना नहीं होता, बल्कि वह सार्वजनिक जवाबदेही का प्रतीक भी माना जाता है। यदि किसी परीक्षा में गंभीर अनियमितता, पेपर लीक या व्यापक अव्यवस्था सामने आती है और उसके परिणामस्वरूप संबंधित मंत्री पद छोड़ता है, तो इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की जवाबदेही के रूप में देखा जा सकता है। किंतु इसके साथ ही एक मूलभूत प्रश्न भी उठता है- क्या जवाबदेही का यह सिद्धांत सभी सरकारों और सभी राजनीतिक दलों पर समान रूप से लागू होता है, या फिर इसका निर्धारण राजनीतिक सुविधा के आधार पर किया जाता है?



हाल के घटनाक्रम में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लोकतंत्र की विजय और छात्रों के संघर्ष की सफलता बताया गया। विभिन्न राजनीतिक दलों ने इसे अपनी-अपनी दृष्टि से प्रस्तुत किया। किंतु इसी के साथ यह प्रश्न भी प्रासंगिक हो जाता है कि यदि केंद्र सरकार से जुड़े परीक्षा विवादों पर नैतिक जिम्मेदारी तय की जाती है, तो क्या राज्यों में सामने आए परीक्षा घोटालों, पेपर लीक, नकल, भर्ती अनियमितताओं और प्रश्न-पत्र संबंधी त्रुटियों पर भी समान संवेदनशीलता और समान जवाबदेही दिखाई गई? पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों- पंजाब, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में भी परीक्षा संबंधी विवाद समय-समय पर सामने आए हैं। कहीं ब्लूटूथ उपकरणों के माध्यम से संगठित नकल के आरोप लगे, कहीं प्रश्नपत्र समय से पहले बाहर आने की ख़बरें आईं, कहीं शिक्षकों पर प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप लगे, तो कहीं प्रश्नपत्रों में उत्तर पहले से छपे होने जैसी गंभीर प्रशासनिक त्रुटियां सामने आईं। इन घटनाओं की प्रकृति, स्तर और जांच के परिणाम अलग-अलग हो सकते हैं, किंतु एक तथ्य समान है- हर ऐसी घटना का सबसे बड़ा नुकसान उस छात्र को होता है जिसने ईमानदारी से तैयारी की होती है। यहीं से दोहरे मापदंड का प्रश्न जन्म लेता है। यदि किसी राज्य में हुई परीक्षा अनियमितता को केवल स्थानीय समस्या कहकर टाल दिया जाए और दूसरी ओर किसी अन्य सरकार से तत्काल इस्तीफे की मांग की जाए, तो यह स्वाभाविक है कि जनता निष्पक्षता पर प्रश्न उठाए। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार उतना ही महत्वपूर्ण है जितना विरोध की निष्पक्षता।

यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी आरोप को अंतिम सत्य मान लेना उचित नहीं होगा। अनेक मामलों में जांच चलती है, कुछ मामलों में आरोप सिद्ध होते हैं, तो कुछ में नहीं। इसलिए किसी भी व्यक्ति या सरकार पर अंतिम निष्कर्ष तथ्यों और जांच के आधार पर ही होना चाहिए। किंतु जांच की निष्पक्षता और जवाबदेही की अपेक्षा सभी से समान रूप से की जानी चाहिए।

आज आवश्यकता किसी एक दल, एक नेता या एक सरकार को कटघरे में खड़ा करने की नहीं है। आवश्यकता उस व्यवस्था को मजबूत करने की है जिस पर करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य निर्भर करता है। परीक्षा केवल प्रश्नपत्र का नाम नहीं है; यह एक विद्यार्थी के वर्षों के परिश्रम, उसके परिवार की आशाओं और उसके भविष्य का निर्धारण करती है। इसलिए परीक्षा में होने वाली प्रत्येक अनियमितता केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास पर भी आघात है।

राजनीतिक दलों के लिए भी यह आत्ममंथन का विषय होना चाहिए कि क्या वे छात्रों के मुद्दों को समान गंभीरता से देखते हैं, या केवल तब जब वह मुद्दा उनके राजनीतिक हितों के अनुकूल हो। यदि जवाबदेही का पैमाना बदलता रहेगा, तो लोकतंत्र में नैतिक बल भी कमजोर होता जाएगा। अंततः लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा चुनावों से नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण और निष्पक्ष संस्थाओं से होती है। यदि केंद्र में हुई गलती पर इस्तीफा आवश्यक माना जाता है, तो राज्यों में हुई समान प्रकृति की गंभीर अनियमितताओं पर भी वही नैतिक मानदंड लागू होने चाहिए। यदि किसी मामले में इस्तीफा आवश्यक नहीं माना जाता, तो उसके पीछे पारदर्शी और तार्किक आधार भी होना चाहिए।



छात्र का भविष्य न केंद्र का होता है, न राज्य का, न वह किसी दल का होता है, न किसी विचारधारा का, वह केवल भारत का भविष्य होता है। इसलिए परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही का पैमाना भी एक ही होना चाहिए। समान, निष्पक्ष और राजनीतिक भेदभाव से परे।

-प्रकाश पंकज
शिक्षक, हल्दौर

# धामपुर में आन, बान, शान से निकली तिरंगा यात्रा




**धामपुर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज बुधवार को नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया।

नगीना चौराहा से शुरू हुई यात्रा में हाथों में तिरंगा लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और विद्यार्थी शामिल रहे। यात्रा का नेतृत्व भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, पूर्व भाजपा विधायक डा. इंद्रदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी और पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसौदिया ने किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी तथा प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। धामपुर गन्ना सोसायटी के चेयरमैन रामवीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष शेखर अग्रवाल, सरदार सतवीत सिंह मन्नी, आशीष अग्रवाल, मंडल महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलौत व अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल मंत्री नमन जैन, सुरेश सैनी सोनी, सोहित सैनी, सचिन जोशी और मीडिया प्रभारी सौरभ बिश्नोई समेत कार्यकर्ताओं ने यात्रा की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, प्रमोद राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल, पुरुषोत्तम अग्रवाल और नरेंद्र सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल रहे।

यात्रा का सबसे खास आकर्षण 100 फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज रहा। रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर के छात्र तिरंगे को सबसे आगे लेकर चल रहे थे।

## करंट की चपेट में आकर घोड़ी की मौत

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में मंगलवार को एक विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर एक घोड़ी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना उस समय घटी जब नजर सैन पुत्र इमामुद्दीन निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद कस्बा झालू अपनी घोड़ी को चराकर वापस लौट रहा था। बस स्टैंड रोड पर सहकारी समिति के सामने रखे हुए ट्रांसफार्मर की चपेट में वह घोड़ी आ गयी और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

इस संबंध में जेई विद्युत उपकेंद्र झालू सुदेश कुमार ने बताया कि बारिश की वजह से करंट रेंज से आगे फ़ैल गया था, अब उस कमी को ठीक कर दिया गया है।

# खण्डीय लेखाधिकारी के ख़िलाफ़ कर्मचारी व ठेकेदार लामबंद

## आकाश पंवार की कार्यशैली से नाराजगी, अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन की तैयारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर में खण्डीय लेखाधिकारी आकाश पंवार की कार्यशैली को लेकर विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदारों में नाराजगी सामने आई है। कर्मचारियों और ठेकेदारों ने उन पर भुगतान संबंधी मामलों में मनमानी तथा अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों से विवाद की स्थिति उत्पन्न करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आकाश पंवार की पुनः तैनाती की जानकारी मिलने के बाद कर्मचारी और ठेकेदार लामबंद हो गए हैं तथा अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं।

विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदार दीपक सिरोही के अनुसार, आकाश पंवार से पूर्व खण्डीय लेखाधिकारी रहे उज्जवल कंसल को विजिलेंस टीम ने एक ठेकेदार से कथित रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद महालेखाकार उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आकाश पंवार की अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर में खण्डीय लेखाधिकारी पद पर तैनाती की गई।

आरोप है कि कार्यभार संभालने के बाद भुगतान को लेकर ठेकेदारों के साथ विवाद की स्थिति बनने लगी और उनकी कार्यशैली को लेकर शिकायतें उच्चाधिकारियों तक पहुंचीं। ठेकेदारों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम समय में भी कई भुगतान लंबित रहे। उनका यह भी आरोप है कि मार्च के अंतिम सप्ताह में भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित हुई और बाद में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दूसरे विभाग में तैनात खण्डीय लेखाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपकर ठेकेदारों के भुगतान कराए गए।

ठेकेदार यूनियन के करन सिंह बौध का आरोप है कि पूर्व में विवादों में रहे अधिकारियों के संबंध में विभागीय स्तर पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन इसके विपरीत आकाश पंवार को पुनः अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड में जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों और ठेकेदारों में रोष है।

वहीं, आकाश पंवार की पुनः तैनाती की सूचना के बाद कर्मचारियों और ठेकेदारों द्वारा आंदोलन की तैयारी किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, लगाए गए आरोपों के संबंध में खण्डीय लेखाधिकारी आकाश पंवार अथवा संबंधित विभागीय उच्चाधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# हनीट्रैप गैंग ने पेंट व्यापारी को फंसाकर 10 लाख मांगे, 5 लाख दे भी चुका

## नशीला पदार्थ पिलाकर वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** हनीट्रैप गैंग के सदस्यों ने एक पेंट व्यापारी को फंसाकर उससे 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। व्यापारी ने 5 लाख रुपए दे भी दिए और फिर तंग आकर पुलिस में रिपोर्ट लिखाई है। रेहड़ थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पेंट व्यापारी द्वारा काशीपुर पुलिस को लिखाई रिपोर्ट के मुताबिक थाना रेहड़ क्षेत्र निवासी परमजीत कौर उर्फ पिंकी नामक एक महिला, एक अन्य महिला व 2 अज्ञात व्यक्तियों सहित शाम के समय उसकी पेंट की दुकान पर आई और दुकान बंद हो जाने पर अगले दिन आने की बात कहते हुए महिला ने व्यापारी का मोबाइल नंबर ले लिया। आरोप है कि अगले दिन महिला ने फोन पर पेंट के बारे में कुछ बात करने के बाद लुभावनी बातें करनी शुरू कर दीं। पेंट व्यापारी का कहना है कि उस समय उसने महिला की बातों को इग्नोर कर दिया, मगर 22 जून को उस दूसरी महिला का फोन आया और उसने अपने घर में पेंट कराने को लेकर खर्चे का आईडिया लगाने हेतु उसे कुंडेश्वरी (काशीपुर) अपने घर बुलाया। वहां उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। जब उसे होश आया तब वह नग्न अवस्था में पड़ा था और पास में मौजूद वह महिला भी नग्न अवस्था में थी। इसी बीच एक महिला व दो व्यक्ति वहां आए और तमंचे की नोक पर यह कहते हुए 10 लाख रुपए की मांग की कि अगर तूने रकम नहीं दी तो महिला के साथ तेरी अश्लील वीडियो तेरे घर वालों को भेजते हुए इंटरनेट पर वायरल कर देंगे और तुझे जान से मार देंगे। आरोप है कि उस दिन उन्होंने व्यापारी को डरा-धमका कर एक लाख रुपए मोबाइल फोन से ट्रांसफर करवा लिए, जबकि अगले दिन व्यापारी कुंडेश्वरी पहुंचकर 4 लाख रुपए राजेंद्र नामक एक व्यक्ति को दे आया, मगर यह लोग लगातार ब्लैकमेलिंग करते रहे जिससे तंग आकर पेंट व्यापारी ने काशीपुर पुलिस को कार्यवाही हेतु तहरीर दे दी। काशीपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ज़ी राम जी योजना में 125 दिन तक मिलेगा रोजगार

## डीएम जसजीत कौर ने पंच सम्मेलन में दिए निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित पंच सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जी राम जी योजना की मूल भावना धरातल पर पूरी तरह फलीभूत हो। योजना के तहत सभी कार्य नियमानुसार कराए जाएं और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा योजना में जनहित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संशोधन कर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) जी राम जी अधिनियम, 2025 के रूप में नई योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम एक जुलाई 2026 से लागू हो गया है। इसके तहत मनरेगा के स्थान पर अधिक सशक्त, पारदर्शी और विकास उन्मुख व्यवस्था लागू की गई है। डीएम ने बताया कि जी राम जी योजना के तहत अब मजदूरों को 100 दिन के स्थान पर 125 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है।




योजना में बायोमेट्रिक व्यवस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का भी उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें राज्यों के लिए फंड शेयरिंग पैटर्न 60:40 निर्धारित है।

### खेल मैदान और अन्नपूर्णा भवन के कार्यों में तेजी के निर्देश

जिलाधिकारी ने शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों जैसे खेल के मैदान, अन्नपूर्णा भवन आदि को फास्टट्रैक मोड में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। साथ ही योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले प्रत्येक कार्य में शासन के नियमों और मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं, ताकि ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान और अन्य संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को जी राम जी योजना की बारीकियों और प्रावधानों की पूरी जानकारी मिल सके।

### कामगारों के लिए वरदान है जी राम जी योजना

कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त मनरेगा आरबी यादव ने किया। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना कामगारों के लिए वरदान साबित होगी। योजना के सफल संचालन के लिए जनपद स्तर पर विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अब ब्लॉक स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# सभी वर्गों को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ- प्रिंस चौधरी






बिजनौर (चिंगारी)। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रिंस चौधरी को विधानसभा क्षेत्र के मंडल मंडावर के अंतर्गत ग्राम दयालवाला में आयोजित किसान-मजदूर चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों के साथ संवाद किया। इस दौरान ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद करते हुए प्रिंस चौधरी ने भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। साथ ही इन योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों पर भी विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही 'हर घर तिरंगा' अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता करने तथा अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश, कैलाश सैनी, राम प्रसाद सैनी, अमर सिंह, रवि कुमार, विक्की सैनी, विशाल, चमन, राकेश सैनी, जितेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, कृपाल सिंह, अरुण कुमार, सचिन कुमार, रोहित कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु पथ, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, सुधीर सिंह, महावीर चौहान, अमरजीत सिंह, माया देवी सहित अनेक सम्मानित ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नसीम जफर के जनाजे के दौरान कांवड़ियों ने पेश की इंसानियत की मिसाल

अश्मनी विश्नोई


मरहूम नसीम जफर

स्योहारा (चिंगारी)। अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिये विख्यात नगर स्योहारा में गत रविवार को साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानियत और आपसी भाईचारे की एक जिंदा मिसाल देखने को मिली। रविवार को नगर के वरिष्ठ पत्रकार नसीम जफर का निधन हो गया था। उनका जनाजा जब मुख्य मार्ग पर पहुंचा तो हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कावड़ियों ने अपनी यात्रा को रोक दिया। इतना ही नहीं, डीजे भी बंद कर लिये। सभी कांवड़िये मरहूम के सम्मान में अपने स्थान पर खड़े रहे। और जैसे ही जनाजा निकला, श्रद्धालु अपनी कांवड़ लेकर चल दिये तथा कुछ दूर जाने के बाद डीजे शुरू किया। भावुक कर देने वाली इंसानियत की इस मिसाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कांवड़ यात्रा को लेकर जहां तमाम तरह की नकारात्मक तस्वीरें देखने को मिली हैं, वहां स्योहारा की यह तस्वीर लोगों के दिलों को छू गई। कई लोगों ने कमेंट किये कि यही असली हिंदुस्तान है। मरहूम मास्टर नसीम जफर खुद साम्प्रदायिक सौहार्द के मिसाल थे। उन्होंने हमेशा आपसी भाईचारे और इंसानियत को बढ़ावा दिया।


वह तस्वीर जो वायरल हुई।

शहर इमाम मौलाना कामिल अंसारी ने कहा कि यह अच्छा संदेश है। आपसी भाईचारा बना रहे, यही दुआ करते हैं। कांवड़ियों ने इंसानियत और स्वस्थ परम्पराओं का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि स्योहारा नगर अमन चैन को पसंद करने वाले लोगों का शहर है।

### मा. नसीम को यह सच्ची श्रद्धांजलि-डा. मनोज

**नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी चिकित्सक मनोज वर्मा का कहना है कि स्योहारा हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब का शहर रहा है। मास्टर नसीम जफर को इससे अच्छी श्रद्धांजलि नहीं हो सकती। एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करना हमारी परम्परा रही है। इस घटना ने स्योहारा को एक नयी पहचान दी है। हमें एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।**

# प्रिशा की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने डीएम व एसपी को ज्ञापन सौंपा



एसपी को ज्ञापन देते हुये ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य।

**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने आज जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर हल्दौर के पत्रकार संजीव मिश्रा की सात वर्षीय पुत्री प्रिशा की डाक्टर की लापरवाही से मौत के मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में सीएमओ द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट से अवगत कराने, जनपद के सभी निजी अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ की नियुक्ति करने, चिकित्सकों द्वारा मरीजों को लिखी जाने वाली दवाईयां सभी मेडिकल स्टोरों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं चिकित्सकों का परामर्श शुल्क न्यूनतम एवं समानता के आधार पर सुनिश्चित कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष भानू प्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के अलावा ब्रिजेश चन्द शर्मा, अतुल शर्मा गांधी, विनय कौशिक, कौशल कुमार, मौ. शाहिद, अवनीश कुमार शर्मा, कामेन्द्र सिंह, प्रमोद चौहान, प्रदीप कुमार दुबे, विनय मोहन शर्मा, अमर द्विवेदी शामिल रहे।

# वाहन की चपेट में आकर युवा कांवरती की मौत

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** हरिद्वार से गंगाजल लेने गए कोतवाली देहात निवासी एक कांवड़िये की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे में उसका साथी भी घायल हो गया। कस्बा कोतवाली देहात की हिंदू कॉलोनी निवासी सोनू (35) पुत्र बलजीत सिंह, आशु शर्मा निवासी कोतवाली देहात के साथ सोमवार देर शाम बाइक से हरिद्वार जल लेने के लिए गया था। बताया गया कि दोनों बाइक से श्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गैंडीखाता के निकट पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया, जबकि आशु शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सोनू की मौत की खबर कस्बे में पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच गए और परिजनों को सांत्वना दी। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद सोनू का शव कस्बे में पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। सोनू अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सोनू चौधरी थाना कोतवाली देहात के सामने चाय की छोटी सी दुकान चलाता था।



मृतक सोनू का फाइल फोटो

# पेड़ काट ले गये चोर



ग्राम सीकरी बुजुर्ग के तालाब से काटकर चोरी किया पेड़।

**नहटौर (चिंगारी)।** अज्ञात लोगों ने ग्राम सीकरी बुजुर्ग में तालाब के किनारे खड़ा एक दशक पुराना यूकेलिप्टस का पेड़ काटकर चोरी कर लिया। ग्राम सीकरी बुजुर्ग में दरबारपुर से खेड़ी जट वाली रोड पर पनेहरा तालाब पर एक दशक पुराना लिप्टिस का पेड़ चोरी होने की पुलिस को जानकारी दी गयी। ग्रामीणों का आरोप है कि चार दिन पूर्व बारिश के दौरान अज्ञात द्वारा पेड़ काटा गया है। पेड़ की अनुमानित कीमत 25 हजार के करीब है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है, लेकिन अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। हलका लेखपाल ने बताया मामले की शिकायत पुलिस में कर दी गई है।

# गुलदार ने घर में घुसकर कुत्ते पर हमला किया

**बिजनौर (चिंगारी)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर बेगा में सोमवार देर रात गुलदार ने एक घर में घुसकर पालतू कुत्ते पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार गांव में घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है।**



जानकारी के अनुसार, इस्लामपुर बेगा निवासी सुरेंद्र चौधरी उर्फ खेमा के घर में देर रात एक गुलदार दीवार फांदकर घुस आया। आंगन में मौजूद पालतू कुत्ते पर गुलदार ने हमला कर उसे घायल कर दिया। कुत्ते के शोर और गुलदार की आहट सुनकर परिजन जाग गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और शोर मचाते हुए गुलदार के पीछे भागे। ग्रामीणों के एकजुट होने पर गुलदार वहां से भाग निकला। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गुलदार की लगातार आवाजाही देखी जा रही है। आएदिन गुलदार दिखाई देने और पालतू व अन्य पशुओं पर हमला किए जाने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार गांव में घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में भी नजर आया है, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि होती है।

# हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ



**चांदपुर (चिंगारी)। विवेकानंद महाविद्यालय दरबाड़ा, बिजनौर के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में सेल्फी पाइंट की व्यवस्था की गयी तथा महाविद्यालय को तिरंगे से सजाया गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के निर्देशक पीयूष कुमार, डॉ. अमित कुमार मित्तल, डॉ. शेरसिंह, श्री अंकुल कुमार, श्री विनीत कुमार, जानी राजपूत, सुशील कुमार व छात्रा वैशाली कौशिक, अंजना, आयशा आदि उपस्थित रहे।**

# पुलिस वालों ने की कांवड़ियों की सेवा



**रायपुर सादात (चिंगारी)।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगीना देहात क्षेत्र की पुलिस चौकी टांडा माईदास के पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए प्रसाद का वितरण किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र से गुजर रहे कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को रोककर पुलिसकर्मियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान कांवड़ियों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। इस मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, हेड कांस्टेबल अंकित राघव, हेड कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल दुष्यंत कुमार, कांस्टेबल राजू सागर, कांस्टेबल अरबाज, कांस्टेबल गोविंद सैनी, हेड कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल संयम चौधरी, कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल सौरभ कबीर अथवा विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम, डॉ. सुशील कुमार, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति जिला महामंत्री गुरपेज, मोहम्मद सलीम, राजा प्रधान, रविंद्र कुमार, सोनू कुमार, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधायक ओमकुमार के नेतृत्व में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**हल्दौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल हल्दौर द्वारा क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार के नेतृत्व में नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए और तराने गए।

आज दोपहर भारतीय जनता पार्टी के मंडल हल्दौर के सैकड़ो कार्यकर्ता नगर पालिका कार्यालय पर एकत्रित हुए तथा वहां से विधायक ओम कुमार के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई शहीद स्मारक पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगा रहे थे और डीजे की थाप पर देशभक्ति के तराने गाए जा रहे थे। तिरंगा यात्रा में विधायक ओम कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी उनके पति दीपक सैनी, जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, विधानसभा संयोजक अनिल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दर्पण रावल, गन्ना समिति के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी, ठा. संजीव कुमार बैस, ठा. अभिषेक चौहान, मोनू चौहान, उमेश चौहान, रघुराज सिंह नागर, दीपक चौहान चानू, सभासद ऋषभ रस्तोगी, वरुण अग्रवाल, दीप रस्तौगी, तिलकराम सैनी, राजकुमार राजू, हेमराज सिंह, कुश चौहान, शिवम चौधरी, महेश कुमार, विनोद कुमार, निपेंद्र सिंह, पंकज चौहान आदि शामिल रहे।



# देश के शहीदों और वीर सैनिकों के नाम कांवड़ चढ़ाई


नारियल तोड़कर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ करते हुए प्रदीप चौहान।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम पर क्रीड़ा भारती की ओर से शिव भक्तों ने दो डाक कावड़ों से गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया। कल सुबह श्री हनुमान धाम तथा दूसरी क्रीड़ा भारती की ओर से देश के शहीदों व वीर सैनिकों के लिए 72 शिव भक्तों ने हरिद्वार से डाक कांवड़ द्वारा श्री हनुमान धाम स्थित शिवालय पर जलाभिषेक किया। डाक कावड़ों का नेतृत्व धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान पत्रकार, क्रीड़ा भारती के प्रदेश सह मंत्री ललित राजपूत, डॉक्टर सचिन चौहान, योगेंद्र राजपूत पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा व अजय चौहान एडवोकेट ने किया। इसके अलावा नगर व क्षेत्र में सभी शिवालियों पर सुबह से ही भोलो की भारी भीड़ रही। पूरा दिन नगर का वातावरण भोले के जयकारों से गूंजता रहा। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने भनेड़ा चौकी पर से गुजर रहे सभी शिव भक्तों का स्वागत किया और जलपान कराया।

## श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


नगीना के बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

**नगीना ( चिंगारी )।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। महाशिवरात्रि पर दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र जल और दूध से शिवलिंग का अभिषेक किया। मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर पंडित विपिन चंद्र त्रिपाठी ने विधि-विधान से यजमान समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल के पूरे परिवार पूजा अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, संस्कृति अग्रवाल से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

## करंट से युवक की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में निकाली जा रही कलश यात्रा के दौरान जैन चौराहे के पास करंट की चपेट में आने से 21 वर्षीय प्रियांशु राजपूत पुत्र त्रिभुवन की मौत के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें बिजली विभाग के अज्ञात अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है। सोमवार दोपहर 12:30 बजे जैन चौराहे से कलश यात्रा मुख्य बाजार की ओर जा रही थी। इसी दौरान सड़क के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार के संपर्क में बैंड आ गया। तार में करंट होने के कारण बैंड में करंट उतर गया और उसके आसपास मौजूद कई श्रद्धालुओं को बिजली का तेज झटका लगा। हादसे में जैन चौराहा निवासी प्रियांशु राजपूत करंट की चपेट में आ गया। परिजन और आसपास के लोग उसे निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## कांवड़ मार्ग पर दो शावकों के साथ दिखा गुलदार

**पैजनिया ( चिंगारी )।** नहटौर-चांदपुर मार्ग पर हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर गांवड़ी के पास भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप से पहले एक गुलदार अपने दो शावकों के साथ सड़क पार करता हुआ दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि गुलदार और उसके दोनों शावक सड़क क्रॉस कर जंगल की ओर भाग निकले। खास बात यह है कि इन दिनों इसी मार्ग से लगातार डाक कांवड़ यात्रा गुजर रही है। ऐसे में मार्ग पर गुलदार और उसके शावकों की मौजूदगी की खबर से कांवड़ियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है, जो कावड़ियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। गुलदार ने दो दिन पहले पास के गांव शरीफ पुर मे स्कूल के पास एक बछड़े को मार डाला था। लोगों में वन विभाग से मांग है कि कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा के मद्देनजर निगरानी बढ़ाई जाए। वन रेंजर दुष्यन्त कुमार ने फोन पर कहा है कि टीम मौके पर उपलब्ध है, कैमरे लगाए जा रहे है, पिंजरे पहले ही उपरोक्त क्षेत्र मे लगे है। घटना के आस पास वन कर्मी कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रोड पर उपलब्ध है।




## हल्दौर में 18 को फिर आई कैम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 18 अगस्त दिन मगंलवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें चिकित्सक मरीजो की आंखो का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजो को ऑपरेशन के लिये अपने साथ लें जाएगें। सुशील वर्मा ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 18 अगस्त से पूर्व प्रात:10 बजे से सांय 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।



## युवक पर तमंचे से फायर किया?

**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय टीचर्स कॉलोनी निवासी अर्पण गुप्ता पुत्र स्वर्गीय संजीव गुप्ता ने बताया वह कल शाम ग्राम बहादुरपुर निवासी अपने वकील से मिलकर कार से किरतपुर वापस आ रहा था, रास्ते में कार में सवार चार-पांच युवकों ने उसकी कार रोक ली और उसके मेरे ऊपर तमंचे से फायर कर दिया जिससे उसके पैर में छर्रे लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को अस्पताल पहुंचवाया। उधर थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है, जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने भी घटना को संदिग्ध बताया। समाचार लिखे जाने तक तहरीर नहीं दी गई थी।

## बस्ती में दौड़ता नज़र आया गुलदार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा के बाहरी छोर पर सलेमपुर भट्टा संपर्क मार्ग के किनारे शिव मंदिर स्थित है। मंदिर के नजदीक नरेन्द्र कुमार एड. का घर है। गत रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे उक्त घर के बाहर एक गुलदार देखा गया। गुलदार दौड़ता हुआ घनी बस्ती की तरफ जा रहा था। शिव मंदिर तथा उक्त घर के एकदम समीप स्थित एक धार्मिक स्थल पर गत रात्रि कीर्तन चल रहा था। कीर्तन से उठकर कुछ व्यक्ति बाहर सड़क पर आये और वहां मौजूद एक कुत्ता भौंका , तो गुलदार पीछे को मुड़कर एक खाली प्लॉट से होते हुए जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी नरेन्द्र कुमार एड. को दी, तो उन्होंने अपने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की। सीसीटीवी फुटेज में गुलदार बस्ती की ओर दौड़ते हुए तथा फिर वापस मुड़कर जाते हुए दिखाई दे रहा है। घर के बाहर गुलदार देखे जाने से ग्रामीण डर महसूस कर रहे हैं।

## आमावस्या पर किया गंगा स्नान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज श्रावण मास की अमावस्या पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर पहुंचकर गंगा में डुबकी लगाई। सुबह सवेरे से ही श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचने शुरू हो गये थे। श्रद्धालुओं को काफी दूर तक फैले भारी कीचड़ से गुजरते हुए गंगा घाट तक जाना पड़ा। इससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। गंगा स्नान कर उन्होंने पंडितों को दान-पुण्य किया। घरों में भी श्रद्धालुओं ने दान के लिये आटा, चावल, गुड़ आदि सामग्री निकाली।

## नगीना में भाजपाइयों ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



**नगीना ( चिंगारी )।** पार्टी हाई कमान के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी मूर्ति पर पहुंचकर संपन्न हुई। भाजपा की तिरंगा यात्रा मंगलवार की दोपहर करीब चार बजे बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ प्रांगण से प्रारंभ हुई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह,पूर्व विधायक सतीश गौतम,भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने हरी झंडी दिखाकर किया। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य तौर पर जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, फूल सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, नगर अध्यक्ष अंजलि मित्तल, महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, रोहित रवि, प्रदीप गर्ग आदि मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य बाजार लुहारी सराय, मंडी मोलगंज, स्टेशन रोड होते हुए गांधी मूर्ति पर पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में शीतल अग्रवाल, राजकुमार बिश्नोई, गर्वित चौधरी, प्रहलाद कुशवाह, सोहन सैनी, सभासद गोपाल शर्मा, सिद्धू चौधरी, संजय शर्मा, पंकज चौहान, आदि राठौर, दयानंद सैनी, सौरभ मित्तल, डॉ. भूपेश चौहान, लवी मित्तल आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास के लिए चुनाव में खुर्शीद मंसूरी को देंगे समर्थन

## पूरनपुर गढ़ी में आज़ाद समाज पार्टी की नुक्कड़ सभा



आजाद समाज पार्टी की सभा में मंचासीन अतिथिगा व उपस्थित ग्रामीण।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर गढ़ी में आज़ाद समाज पार्टी की ओर से नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहनपुर चेयरमैन एवं नजीबाबाद विधानसभा से भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी रहे। सभा की अध्यक्षता नईम अहमद एवं संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुखबीर प्रधान ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार दिया। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दलित, मुस्लिम व गरीब वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। नईम अहमद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए खुर्शीद मंसूरी को 2027 में विधानसभा चुनाव में समर्थन देते हुए सभी लोग एकजुट होकर उनका साथ देंगे। मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी ने समाजवादी पार्टी पर मुस्लिम समाज का वोट लेने के बावजूद उनके हितों व समस्याओं के समय अपेक्षित भूमिका नहीं निभाने का आरोप लगाया। कहा कि जब मुस्लिम समाज पर अत्याचार होते हैं तो चंद्रशेखर आज़ाद खुलकर उनकी आवाज उठाते हैं। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि 2027 में प्रदेश की राजनीति में बदलाव के लिए आज़ाद समाज पार्टी को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर मुकीम अहमद, अहसान, नासिर, आरिफ, कामिल, राशिद, साजिद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिव लोक पुरम शिव मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रभातफेरी निकाली

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के बुंदकी मार्ग स्थित शिव लोक पुरम कालोनी में शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मुख्य पुजारी पंडित शिव कुमार शर्मा ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। श्रावण मास की शिवरात्रि पर बुंदकी मार्ग पर स्थित शिव लोक पुरम कालोनी के शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व प्रभात फेरी (कालोनी भ्रमण यात्रा) निकाली गई। यह यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कालोनी की सड़कों से होते हुए कालोनी की परिक्रमा के साथ शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। परिक्रमा के दौरान क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। यात्रा में शामिल खाटू श्याम बाबा, सांवरिया सेठ, मां गंगा, लक्ष्मी नारायण, नवग्रह मंडल व राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं, शिवलिंग आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त भजनों पर झूमते व कीर्तन करते हुए चलते रहे। पंडित शिवकुमार शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चारण कर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करायी। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान शमशेर सिंह, पितांबर सिंह, ओमपाल चौधरी, पवन कुमार, मास्टर रणधीर सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सुरेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में कालोनी एवं आसपास के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मौजूद श्रद्धालु।

## गायत्री साधकों ने जलाभिषेक किया



भगवान शिव का अभिषेक करते गायत्री साधक।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में महाशिवरात्रि पर्व पर गायत्री साधकों ने गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने मिट्टी, भस्म, गौदुग्ध, दही, शहद, हल्दी, कुशा व गंगाजल से भगवान शिव को स्नान पूजन कराया। हर-हर महादेव, हर-हर गंगे के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जय शिव ओंकारा से भगवान शिव की आरती की गयी। जयनगर व विजयनगर के डॉ. सचिन, निशान्त, प्रशान्त, सुमित, अंकुर ने कांवड़ चढ़ायी। राज भटनागर, एचपी गुप्ता, कामेश शर्मा, सुमन वर्मा, सारिका अग्रवाल, नीलम बरनवाल, पुष्पा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. विजयपुर विकास खण्ड नजीबाबाद बिजनौर के 15 (पंद्रह) यूकेलिप्टिस के पेड़ों की नीलामी समिति कार्यालय पर दिनांक 25/08/2026 को दिन मंगलवार समय 12 बजे की जायेगी। अत: इच्छुक व्यक्ति समय से पहुंचकर नीलामी में भाग लेने का कष्ट करें। उक्त नीलामी सहकारी समितियों के नियम व अधिनियमों के अंतर्गत की जायेगी। नीलामी की शर्ते समिति कार्यालय पर देखी जा सकती है।

**सचिव**
**बहुउद्दे.प्रा.प्रा.ग्रा.स. लि. विजयपुर वि. खण्ड नजीबाबाद, जनपद बिजनौर**

## अनिल सोती हत्याकांड में पुलिस को अहम सुराग मिले, शीघ्र गिरफ्तारी संभव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अनिल सोती हत्याकांड में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। अब तक लगभग एक दर्जन संदिग्धों से पूछताछ की जा चुकी है। सूत्रों के अनुसार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की संभावना है। बिजनौर-नूरपुर मार्ग पर कृष्णा कॉलेज के पास 28 बीघा के बाग में बनी कोठी में रहने वाले अनिल कुमार सोती का 7 अगस्त की सुबह शव कोठी में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के मुताबिक अनिल कुमार सोती की मौत गला घोंटने से हुई थी। उनके भांजे आलोक शर्मा ने अनिल सोती के भतीजे गौरव सोती, शैलेन्द्र खन्ना, सुनील खन्ना पर साजिश रच कर हत्या कराने का मामला पुलिस में दर्ज कराया था। आलोक शर्मा का आरोप है कि उनके मामा अनिल कुमार सोती को भूमाफिया जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जमीन को लेकर एसडीएम कोर्ट में वाद भी विचाराधीन है। पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज और सम्पत्ति सम्पत्ति अभिलेख खंगाले हैं।

## पत्रकार सुबेंदू चक्रवर्ती की माता का निधन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला वाहिदनगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं युवा भारत सेवा समिति के अध्यक्ष सुबेंदू चक्रवर्ती की माता श्रीमती इला चक्रवर्ती का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर नगर के पत्रकारों के साथ समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहरा शोक जताया है। उनका दोपहर मालन नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार भी पत्रकार सुबेंद्र चक्रवर्ती की माता के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

## 'एक शाम भोले के नाम' में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



कलाकारों का सम्मान करते महाकाल भक्त मंडल के सदस्य।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** महाकाल भक्त मंडल ने नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में एक शाम भोले के नाम (भव्य भजन संध्या) का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूजा अर्चना पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वयं देवों के देव महादेव भगवान भोलेनाथ रहे। कार्यक्रम मे दिल्ली से आए भजन गायक विवेक शर्मा व चांदपुर से आए श्रीकांत कोहली द्वारा भोलेनाथ व अन्य सभी देवी-देवताओं का गुणगान किया गया। चांदपुर के शशांक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों से कार्यक्रम में संगीत दिया गया।

पार्टी ऑर्गेनाइजर कपिल कुमार व राजू पंजाबी द्वारा कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया गया। कार्यक्रम में दीपक शर्मा फ्लावर डेकोरेशन नजीबाबाद द्वारा भव्य विद्युत सज्जा की गई। पार्टी ऑर्गेनाइजर, गायक कलाकारों व संगीत देने वाले सभी कलाकारों को महाकाल भक्त मंडल परिवार एवं कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं ने स्वागत व सम्मान किया।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में भगवान भोलेनाथ का भस्मी से श्रृंगार व देवों के देव महादेव भगवान भोलेनाथ का विशाल एवं दिव्य दरबार रहा। महाआरती के बाद सभी शिव भक्तों को प्रसाद एवं रुद्राक्ष वितरण किया गया। भजन संध्या में पंडित हर्षवर्धन बूटी, वेद पाठी पंडित मयंक भारद्वाज, सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, सागर कुमार, तुषार अग्रवाल, अमित चौहान, आकाश भटनागर, लक्ष्मण, ऋषभ कुमार, आयुष्मान चंद्रा, हर्ष शर्मा, तरुण प्रजापति, विपिन कश्यप, पुलकित विश्नोई, हनी, लक्ष्मण, शानू, गोपाल प्रजापति, शानू रंजन राजपूत, हरि ओम, अर्पित अंकित आदि का सहयोग रहा।

# अपर मंडल रेल प्रबंधक ने निर्माणाधीन नये रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

## विधायक ऋतु खंडूडी से फोन पर किया संवाद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुरादाबाद मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पारितोष गौतम ने कोटद्वार पहुंचकर निर्माणाधीन नए रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पारितोष गौतम ने स्टेशन भवन, यात्री सुविधाओं, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया सहित स्टेशन परिसर में किए जा रहे अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समयसीमा के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान पारितोष गौतम ने फोन के माध्यम से कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण से संवाद किया। दूरभाष पर हुई बातचीत में विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्टेशन पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



पारितोष गौतम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन के निर्माण एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

अधिकारियों के अनुसार निर्माणाधीन नए रेलवे स्टेशन का कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण होने की उम्मीद है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्टेशन के उद्घाटन की तैयारियां की जाएंगी। नए रेलवे स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ ही कोटद्वार के पर्यटन एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी मनीराम शर्मा, विधायक प्रतिनिधि कमल नेगी, महेश नेगी एवं राजेंद्र जेजेडी सहित वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक महेश यादव, वरिष्ठ मंडल अभियंता (चतुर्थ) करनप्रीत सिंह, उप मुख्य अभियंता रिषभ, स्टेशन अधीक्षक कोटद्वार मनोज रावत तथा मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक नजीबाबाद राजेन्द्र कुमार मीना सहित रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते पर भारतीय किसान सभा ने चिंता जताई

### समझौता रद्द करने की मांग उठाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय किसान सभा की जिला इकाई ने भारत–अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि इससे देश में कृषि क्षेत्र का संकट और गहरा सकता है। सभा ने आशंका व्यक्त की कि समझौते का सबसे अधिक असर छोटे और मझौले किसानों पर पड़ेगा और उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। किसान सभा ने देशहित में अमेरिका के साथ किए जा रहे सभी प्रकार के व्यापार समझौतों को रद्द करने की मांग की।

किसान सभा के जिला सचिव आशुतोष चंद्र के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में सदस्यों ने कहा है कि वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर प्रक्रिया चल रही है। कहा कि यह समझौता देश के कृषि हितों के अनुकूल नहीं है। इससे कृषि उपज के बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ ही किसानों की आय पर भी असर पड़ सकता है। ज्ञापन में किसान सभा ने सभी फसलों पर गारंटी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी अधिकार देने, किसान आत्महत्या के मामलों में मृतक किसानों के स्वजन और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले श्रमिकों के परिवारों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने, मनरेगा को बहाल करने के साथ ही वर्षभर में कम से कम 200 दिन रोजगार उपलब्ध कराने और मजदूरी बढ़ाकर 700 रुपये प्रतिदिन किए जाने की मांग भी की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में वीरेंद्र सिंह, बचन सिंह, मदन सिंह, कमलजीत, गजेंद्र सिंह, विमला और रामेश्वरी देवी सहित किसान सभा के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# तुलसी मानस मंदिर के वार्षिक उत्सव का कलश यात्रा के साथ किया शुभारंभ

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रामायण प्रचार समिति की ओर से गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव, तुलसी मानस मंदिर के 41वें वार्षिक उत्सव का कलश यात्रा द्वारा नगर परिक्रमा के साथ शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा मालवीय मार्ग, देहरादून रोड, क्षेत्र रोड, झंडा चौक, सुभाष चौक, भारत मंदिर, त्रिवेणी घाट से होते हुए तुलसी मानस मंदिर पहुंची। मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि 10 दिवसीय तुलसी जयंती महोत्सव की प्रातः पंडित वेद प्रकाश मिश्रा संगीतमय रामायण के पाठो का गुणगान करेंगे। संध्या कालीन कथा के मुख्य व्यास युवराज स्वामी गोपालाचार्य महाराज राम कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ जगतगुरु उत्तराखंड पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णाचार्य महाराज, समाजसेवी चंद्रवीर पोखरियाल, पूर्व राज्य मंत्री संदीप गुप्ता, महंत जगदीश प्रपन्नाचार्य महाराज, स्वामी अखंडानंद सरस्वती, महंत आलोक हरि महाराज, योगीराज नवीन जोशी, आचार्य सुनील नौटियाल, आचार्य राम प्रसाद, योगेश पाहवा आदि ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण आचार्य जी महाराज ने की। कलश यात्रा में राजीव लोचन, मनमोहन शर्मा, पार्षद रीना शर्मा, मीना देवी, सीमा देवी, सुमति देवी, तनुज अरोड़ा, श्याम अरोड़ा, विनोद अग्रवाल, रमाकांत भारद्वाज, अभिषेक शर्मा, सुनील गुप्ता, अनूप रावत आदि उपस्थित थे।




# शिशु और बाल मृत्यु दर कम करने में स्तनपान की भूमिका अहम : डॉ. मीनू सिंह

**राजेश शर्मा**

### विश्व स्तनपान सप्ताह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाया गया। सप्ताह भर तक चले इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शिशु के स्वास्थ्य के लिए मां के दूध के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि स्तनपान शिशु सुरक्षा का पहला और सबसे महत्वपूर्ण चक्र है। शिशु और बाल मृत्यु दर को कम करने में स्तनपान की भूमिका सबसे अहम है। मां का पहला गाढ़ा दूध कोलोस्ट्रम शिशु के लिए प्राकृतिक टीके के रूप में काम करता है, जो उसे जीवनभर गंभीर बीमारियों से बचाता है। उन्होंने कहा कि समाज में इस विषय को लेकर केवल माताओं को नहीं, बल्कि पूरे



परिवार को जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने कहा, स्तनपान के लाभों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में हमारे मेडिकल विद्यार्थियों और युवा डॉक्टरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे नवोदित डॉक्टरों को भविष्य में क्लीनिकल प्रैक्टिस के साथ-साथ इस सामाजिक जागरूकता अभियान का नेतृत्व भी करना होगा। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. वर्तिका सक्सेना ने बताया कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान और शुरुआती छह महीनों तक केवल मां का दूध ही शिशु के स्वस्थ जीवन की असली नींव है। विशेषज्ञों ने बताया कि अस्पताल में सुरक्षित प्रसव (संस्थागत डिलीवरी) की दर 80 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद, जागरूकता की कमी के कारण केवल 40 प्रतिशत माताएं ही जन्म के पहले घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान करा पाती हैं। इस अंतर को पाटने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता की जरूरत बतायी गयी।

### नुक्कड़ नाटक से भ्रांतियों पर किया प्रहार

**जागरूकता सप्ताह का समापन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी रायवाला में हुआ। इस मौके पर इंटर्न चिकित्सकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्तनपान से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों पर प्रहार किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की 18 से अधिक आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें से उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्मिता सिन्हा, डॉ. गार्गी पांडेय, डॉ. एकता पाठक, डॉ. नीलांजन सहित विभाग के कई डॉक्टर्स और मेडिकल छात्र उपस्थित रहे।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अमित शाह का भाषण नहीं, हमें जवाब चाहिए- राहुल

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से संसद में जवाब देने की मांग करते हुए कहा है कि अब भाषण नहीं, सवालों के जवाब चाहिए। श्री गांधी ने आज संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, श्री शाह ने बच्चों पर गोली चलाने का आदेश दिया था या नहीं। दोनों ही स्थिति में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। हमें अब अमित शाह का भाषण नहीं चाहिए। हमें जवाब चाहिए। हमारे छात्रों पर गोली किसने चलाई। गोली चलाने का आदेश किसने दिया। किसने एक छात्र की आंख की रोशनी छीनी। कीलों वाली लाठियों के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया। उन्होंने दावा किया कि यह आदेश गृह मंत्रालय से आया था। उन्होंने सवाल किया कि क्या श्री शाह ने बच्चों पर गोली चलाने का आदेश दिया था या नहीं। श्री गांधी ने कहा कि दोनों ही स्थिति में श्री शाह को इस्तीफा देना चाहिए। विपक्ष के नेता ने कहा, सच ये है कि अमित शाह की इमेज का गुब्बारा फट चुका है। उनके अंदर संसद आने की हिम्मत ही नहीं है। श्री गांधी ने मीडिया से भी सवाल किया कि जब श्री शाह बोलते हैं तो क्या मीडिया उन्हें बीच में रोकता है। उन्होंने पूछा, अमित शाह में ऐसी क्या खास बात है कि पूरा मीडिया चुपचाप खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि जब देश के छात्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्री शाह से नहीं डर रहे हैं तो मीडिया को भी उनसे डरना नहीं चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा श्री शाह में संसद आने की हिम्मत ही नहीं है। वह 20 दिनों से गायब हैं। अपने चैंबर में बैठे रहते हैं लेकिन सदन में नहीं आते। उनके काफिले में करीब 30 गाड़ियां चलती हैं, घर के आगे हजारों पुलिस वाले खड़े रहते हैं कि कोई बच्चा न आ जाए।

## घर से गायब बच्चा हरिद्वार में होटल पर काम करता मिला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** माँ की डांट से क्षुब्ध हो कर भागा 15 वर्षीय बालक हरिद्वार में एक होटल पर काम करता मिला। परिजन उसे मना कर घर वापस ले आये हैं । पास के गांव गंगदसपुर हसनपुर निवासी देशराज का 15 वर्षीय पुत्र तरुण कुमार जीआईसी बिजनौर में 10 वी कक्षा में पढ़ता है। एक अगस्त को किसी बात पर उसकी माँ ने उसे डांट दिया था। डांट से क्षुब्ध हो कर वह स्कूल जाने के लिए कह कर घर से निकल गया था और फिर घर नहीं लौटा था। परिजनों ने उसे तलाश किया था लेकिन उसका पता नहीं चला था। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित थे। बताया जाता है कि 10 अगस्त को क्षेत्र के कुछ युवकों नें तरुण को हरिद्वार में रेलवे स्टेशन पर देखा।पहले तो तरुण ने कुछ नहीं बताया लेकिन उनके बार बार पूछने पर उसने बताया कि वह यहां एक होटल में काम करता है। उक्त युवकों ने तरुण के घर फोन किया, तब उसके परिजन उसे मना कर हरिद्वार से घर लाये।



आवश्यकता है
हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें- 9319823965 8191819148

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर